जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 14 | वर्ष : 28 | अंक : 209

www.mahanagartimes.com | जयपुर, शुक्रवार, 20 जून, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

11वां अंतर्राष्ट्रीय

# योग दिवस

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

21 जून, 2025

## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

प्रात: 6:00 बजे | खुहड़ी सैंड ड्युन्स, जैसलमेर

प्रत्येक जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत मुख्यालयों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों इत्यादि पर आयोजित कार्यक्रमों में योग गुरुओं द्वारा योगाभ्यास करवाया जाएगा

**अपने निकटतम योग स्थल पर उपस्थित रहकर**
**करें योग- रहें निरोग**

राजस्थान संवाद



आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग, राजस्थान

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना हो : बागडे

### आरटीयू के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण

महानगर संवाददाता

जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना होना चाहिए। स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में सिर्फ किताबी पाठ्यक्रम के आधार पर नहीं, वरन व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर शिक्षा दी जाए, ताकि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि हो सके।

बागडे गुरुवार को राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान का सही परिचय वहां प्रदान की जा रही शिक्षा से होता है। प्राचीन समय में गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुलों में विविध भाषाओं एवं विषयों की अभ्यास आधारित शिक्षा दी जाती थी। उस जमाने में डिग्री वाले इंजीनियर नहीं होते थे, लेकिन वे तकनीकी दृष्टि से इतने दक्ष थे कि मजबूत इमारतें बनाते थे। वहां विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति को बढ़ाते हुए ज्ञान दिया जाता था।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस.के. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार धौलपुर के लाल रंग के पत्थरों से बनाया गया है और यह राजस्थान की वास्तुकला को भी दर्शाता है। यह प्रवेश द्वार संस्थान की परंपरा एवं गरिमा के साथ आधुनिकता का भी प्रतीक है। इस प्रवेश द्वार से ज्ञान के मंदिर में प्रवेश करते हुए विद्यार्थी सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। लोकार्पण के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।



#### 'व्यक्ति के जीवन को समृद्ध बनाती है तकनीकी शिक्षा'

राज्यपाल बागडे ने कहा कि विकसित प्रौद्योगिकी से जीवन की जटिलताओं के समाधान में मदद मिलती है। तकनीकी शिक्षा व्यक्ति के जीवन को समृद्ध बनाते हुए उसे समाज में उच्चतम स्तर प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। उन्होंने तकनीकी विश्वविद्यालयों का आह्वान किया कि वे गुणवत्तापूर्ण प्रौद्योगिकी का विकास कर विश्व में भारत को अलग पहचान दिलाएं।

#### 'स्कूलों में अनिवार्य रूप से हों खेल मैदान'

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए स्कूलों में खेल मैदान अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में खेल मैदान नहीं होंगे तो बच्चों के शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी।

---

### राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का परिणाम जारी

## दसवीं में 46.1 और बारहवीं में 49.1 प्रतिशत विद्यार्थी हुए पास

- प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा को मिलेंगे 21-21 हजार
- जिला स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र-छात्रा को मिलेंगे 11 हजार



महानगर संवाददाता

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा संकुल में कक्षा 10वीं और 12वीं स्टेट ओपन स्कूल का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। परिणाम के अनुसार कक्षा 10वीं में जोधपुर जिले के अमान खान ने 85.4 प्रतिशत अंक हासिल कर छात्र वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि जयपुर जिले की हीना ने 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। दोनों टॉपर्स को 21 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह सिरोही जिले के गजेंद्र सिंह देवड़ा ने 83.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र वर्ग में सेकंड और फलोदी की ममता और जैसलमेर की चंदू कंवर दोनों 85 प्रतिशत अंक पाकर छात्रा वर्ग में द्वितीय रैंक हासिल की है। इन तीनों स्टूडेंट्स को 11-11 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

गौरतलब है कि मार्च और मई माह में कक्षा 10वीं के लिए कुल 53 हजार 498 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हुए थे। इनमें से 35 हजार 575 विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इनमें 16 हजार 400 (46.1 प्रतिशत) स्टूडेंट्स पास हुए हैं, जबकि कक्षा 12वीं के लिए 49 हजार 499 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से 38 हजार 289 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। इनमें 18 हजार 800 (49.1 प्रतिशत) स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

#### 12वीं में बालोतरा के सुमित, लड़कियों में चूरू की रुखसाना अव्वल

कक्षा 12वीं में बालोतरा के सुमित ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र वर्ग में टॉप किया है, जबकि चूरू जिले की रुखसाना बानो ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान हासिल की है। दोनों को 21- 21 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। जबकि राजसमंद के प्रियांक आहारी ने 85.8 प्रतिशत और डूंगरपुर की खुशबू जैन ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेकंड रैंक हासिल की है। जिन्हें 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इनके साथ ही सभी जिलों में भी प्रथम रैंक हासिल करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को 11-11 हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

#### ऑपरेशन सिंदूर का भी एग्जाम पर रहा प्रभाव

प्रदेशभर में 21 अप्रेल से 16 मई के बीच स्टेट ओपन परीक्षा का आयोजन होना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान विवाद के बाद परीक्षा 30 मई को खत्म हुई थी। इसके बाद राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल ने केवल 19 दिनों में कॉपियों को जांच कर गुरुवार को रिजल्ट जारी किया है। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल में अब डिजिटल परीक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू हो गई है, जिसमें स्टूडेंट्स को उनकी आंसर शीट डिजी लॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही जो स्टूडेंट्स आंसर शीट के रिवेल्युएशन के इच्छुक हैं। वे 20 से 26 जून के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

---

### किडनी की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को सरकार ने दी राहत

# जिला चिकित्सालयों में खुलेंगे 10-10 बेड वाले हीमोडायलिसिस वार्ड

## सभी जिलों में गंभीर रोगों के लिए डे केयर सुविधा होगी विकसित

#### चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज सहित राज्य के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पत्र लिखकर 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

महानगर संवाददाता

जयपुर। प्रदेश में किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए सरकार ने राहत प्रदान की है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों को अब इलाज के लिए न तो भटकना पड़ेगा और ना ही बड़े शहरों की ओर रुख करना होगा। गंभीर बीमारी के चलते इन मरीजों को अब डायलिसिस की प्रक्रिया के लिए गृह जिले में ही सुविधा उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में किडनी रोगियों की पीड़ा को लेकर महानगर टाइम्स ने गत 15 जून के अंक में 'ट्रांसप्लांट के लंबे इंतजार में मरीजों का टूट रहा दम' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के दूसरे ही दिन प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में एसएमएस मेडिकल कॉलेज सहित राज्य के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों और उनसे संबद्ध अस्पतालों को पत्र भेजा है। इसमें संस्थानों से सात दिन में यह जानकारी मांगी गई है कि वर्तमान में उनके यहां हीमोडायलिसिस यूनिट की स्थिति क्या है, कितनी मशीनें उपलब्ध हैं और नए डे केयर सेंटर स्थापित करने के लिए संभावित स्थान कौन-कौन से हो सकते हैं। पत्र मिलने के बाद अस्पतालों ने जवाबी रिपोर्ट की तैयारी शुरू कर दी है।

महानगर खबर का असर



एसएमएस अस्पताल में किडनी मरीजों का बढ़ता आंकड़ा: इस साल ढाई सौ से ज्यादा मरीज वेटिंग लिस्ट में, 7 सौ से भी अधिक मरीज पंजीकृत

ट्रांसप्लांट के लंबे इंतजार में मरीजों का टूट रहा दम

किडनी मरीजों का बड़ा दर्द : आर्थिक भार ने तोड़ी कमर

महानगर टाइम्स में 15 जून के अंक में प्रकाशित खबर

#### सरकार के निर्देश...मरीज होंगे लाभान्वित

सरकार के निर्देशों के बाद प्रत्येक जिला चिकित्सालय में 10-10 बेड वाले हीमोडायलिसिस वार्ड और गंभीर रोगों के लिए डे केयर सुविधा विकसित की जाएगी। जिलास्तर संबंधित चिकित्सालयों में डायलिसिस डे केयर सेंटर शुरू करने की इस पहल से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को खासी राहत मिलेगी। इसके अलावा इन चिकित्सालयों में किडनी के गंभीर रोगों के इलाज के लिए डे केयर सुविधा विकसित की जाएगी।

#### वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के तहत निर्णय

प्रदेश के जिला चिकित्सालयों में 10-10 बेड वाले हीमोडायलिसिस वार्ड के लिए सरकार ने इस साल के बजट 2025-26 में घोषणा की थी। इसके तहत यह निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में सरकारी स्तर पर डायलिसिस की सुविधा जयपुर, जोधपुर और अजमेर जैसे चुनिंदा शहरों तक सीमित है, लेकिन नए सेंटर खुलने से यह सुविधा छोटे जिलों तक पहुंचेगी और हजारों मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा। इससे ना केवल मरीजों का समय और पैसा बचेगा, बल्कि बड़े सरकारी अस्पतालों में बोझ भी कम होगा।

#### क्या है डायलिसिस डे केयर सेंटर

डायलिसिस डे केयर सेंटर, किडनी फेलियर (गुर्दे की विफलता) वाले मरीजों के लिए एक ऐसा स्थान है, जहां उन्हें हीमोडायलिसिस या पेरिटोनियल डायलिसिस जैसी डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इन केंद्रों में रोगियों को एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की देखरेख में डायलिसिस उपचार मिलता है।

#### गुजरात में कैसे करता है काम

गुजरात में डायलिसिस डे केयर सेंटर, रोगियों को उनके गुर्दे की बीमारी के इलाज के लिए एक विशेष सुविधा प्रदान करते हैं। ये केंद्र मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता के बिना डायलिसिस उपचार प्रदान करते हैं। मरीज आमतौर पर कुछ घंटों के लिए आते हैं, डायलिसिस करवाते हैं और फिर घर लौट जाते हैं।

---

## संस्कार ने नीट में हासिल की 99.99 परसेंटाइल

महानगर संवाददाता



जयपुर। नीट परीक्षा 2025 में संस्कार शर्मा ने 99.99 से अधिक की पर्सेंटाइल हासिल की है। संस्कार शर्मा ने सामान्य वर्ग में परीक्षा देकर देश में 151वीं रैंक हासिल की है, जबकि जनरल कैटेगिरी में 105वीं रैंक पाई है। शर्मा ने कुल 720 अंकों में से 637 अंक हासिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि संस्कार शर्मा का पूरा परिवार मेडिकल पेशे में है। संस्कार के पिता नरेश शर्मा लक्ष्मणगढ़ सीएचसी में नेत्र चिकित्सा सहायक हैं, जबकि माता ममता शर्मा जयपुरिया हॉस्पिटल में नर्सिंग ऑफिसर हैं। संस्कार शर्मा के भाई आदर्श शर्मा भी मेडिकल एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्र हैं।

## डॉ. हरसहाय मीणा एवं जुगल किशोर मीणा के आईएएस में पदोन्नत होने पर जताई खुशी

महानगर संवाददाता





जमवारामगढ़। डॉ. हरसहाय मीणा और जुगल किशोर मीणा को आईएएस पद पर पदोन्नति मिलने पर जमवारामगढ़ क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। कानोड़ियावाला और कुशलपुरा गांवों में जश्न का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पटाखे चलाकर और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। इन दोनों अधिकारियों की उपलब्धि से न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और हर कोई गर्व के साथ इस उपलब्धि को साझा कर रहा है। क्षेत्रवासी उम्मीद जता रहे हैं कि आने वाले समय में और भी युवा इनसे प्रेरणा लेकर प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ेंगे।

## एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में एडमिशन फार्म 20 जून तक, एंट्रेस एग्जाम 4 जुलाई को

जयपुर (मसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय विधि पाठ्यक्रम (एलएलबी) में एडमिशन के लिए आयोजित होने वाली यूएलईटी 2025 परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है। यह प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जाती है, जिसमें चयन लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर और काउंसलिंग माध्यम से प्रवेश किया जाएगा। संयोजक डॉ. संजुला थानवी ने बताया कि अब तक 1800 से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यूएलईटी 2025 की परीक्षा 4 जुलाई को जयपुर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में 150 प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर में चार विकल्प होंगे, परीक्षार्थी को सही विकल्प उत्तर में देना होगा। 150 प्रश्न में से 20 प्रश्न अंग्रेजी, 20 हिंदी व्याकरण, 40 सामान्य विज्ञान, सामान्य ज्ञान तथा सामयिकी, 40 संविधान और विधिक कौशल, विधिक जागरूकता एवं 30 प्रश्न तार्किक तर्क और बुनियादी संख्यात्मकता से आएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक नंबर का होगा और नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। फार्म में कैटेगिरी संबंधी त्रुटि सुधार 21 एवं 22 जून को किया जा सकेगा।

---

## मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारी कल करेंगे योग

### प्रदेश भाजपा ने सबके लिए तय किए स्थान

महानगर संवाददाता

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को प्रदेशभर में योगाभ्यास का आयोजन होगा। इस आयोजन में सहभागिता के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से सभी जिलों में प्रमुख स्थानों पर सरकार के मंत्रियों, विधायकों, पूर्व विधायकों, विधायक प्रत्याशियों और अन्य नेताओं को मौजूद रहने के लिए कहा गया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल की ओर से जारी सूची में सभी विधायकों और विधायक प्रत्याशियों को उनके निर्वाचन क्षेत्र में तथा पूर्व विधायकों, सांसदों और प्रमुख नेताओं को उसी जिले में अन्य प्रमुख स्थानों पर योगाभ्यास में सहभागिता के लिए कहा गया है। इसी तरह सरकार के मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में सहभागिता निभाएंगे।

#### मुख्यमंत्री रहेंगे जैसलमेर, प्रदेशाध्यक्ष जयपुर में

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर में और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में योगाभ्यास करेंगे। जयपुर में प्रदेशाध्यक्ष के साथ सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, सरकार में मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर और अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे।

## आरजीएचएस में जरूरी बदलाव कर बनाया जाएगा बेहतर : खींवसर



### चिकित्सा मंत्री ने की समीक्षा, गड़बड़ी पर सख्त एक्शन की दी चेतावनी

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में विभिन्न बदलाव करते हुए इसे और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि रोगियों को सुगमता से गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले और अनियमितता की कोई गुंजाइश नहीं रहे। योजना को तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में आरजीएचएस की समीक्षा करते हुए इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए योजना को पेशेंट फ्रेंडली बनाया जाए। ऐसा सिस्टम विकसित करें, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहे। इसके बाद भी किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाएगी तो विभाग सख्त एक्शन लेगा। लोगों की जीवन रक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खींवसर ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने, अस्पतालों तथा फार्मेसी स्टोर के एम्पेनलमेंट, क्लेम प्रक्रिया पारदर्शी बनाने को प्रभावी योजना के साथ काम किया जाए। राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की बेस्ट प्रैक्टिसेज को आरजीएचएस में भी शामिल किया जा सकता है। राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि योजना के सुचारु संचालन के लिए एक ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम विकसित किया जाएगा। साथ ही पोर्टल पर भी फीडबैक का ऑप्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। इससे योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण होगा।

---

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों को दी गई रोग प्रतिरोधक टीकों की सेवाएं

### मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर हुआ आयोजन

महानगर संवाददाता



जयपुर। मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन डे) के अवसर पर गुरुवार को जयपुर प्रथम जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों पर विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को टीकाकरण सेवाएं प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी पीएचसी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित एमसीएचएन दिवस के अंतर्गत स्वास्थ्यकर्मियों की टीमों ने निर्धारित टीकों का निशुल्क टीकाकरण किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और उनके परिजनों को मौसमी रोगों की रोकथाम, पोषण, स्वच्छता तथा नवजात देखभाल से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर दी बधाई

महानगर संवाददाता



जयपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली स्थित ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी कार्यालय जाकर बधाई दी है। राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिन पायलट के साथ अनेक विधायकों, नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं राहुल गांधी ने दिल्ली में पुराने कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड जाकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर एनएसयूआई की ओर से ज्योति बा फूले पर फिल्म के विशेष शो का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के आला नेताओं ने शिरकत की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद टीकाराम जूली ने कहा राहुल गांधी देशभर में कमजोर, वंचित वर्गों की आवाज हैं। कमजोर तबके के हक अधिकारों के लिए वे सजग प्रहरी बनकर उभरे हैं। देश के संविधान की रक्षा हो या कमजोर तबके के अधिकारों का मुद्दा राहुल गांधी हमेशा आगे रहे हैं।

---

## हनुमान कुमावत बने सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

महानगर संवाददाता

जयपुर। सहायक कर्मचारी संघ सचिवालय के चुनावों में चतुर्थ श्रेणी अध्यक्ष पद पर हनुमान कुमावत निर्वाचित हुए हैं। सचिवालय में संपन्न हुए सहायक कर्मचारी संघ के चुनावों में हनुमान कुमावत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निवर्तमान अध्यक्ष नरपत सिंह को 14 मतों से हराया। हनुमान कुमावत को 94 मत, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले नरपत सिंह को 80 मत मिले। तीसरे स्थान पर रहने वाले कर्मचारी कालूराम को 34 मत मिले।

---

### नए रूट पर चलेंगे 8-10 सीटर टेम्पो चौपहिया वाहन

# परकोटे के बाहर शहर में नहीं चलेंगे ई-रिक्शा

### ड्राइवर को दी जाएगी 10 दिन की ट्रेनिंग

#### जेडीए एवं नगर निगम मल्टी लेवल पार्किंग के लिए चिह्नित करेगा भूमि

#### 5 हजार (सीएनजी/एलपीजी) ऑटो रिक्शाओं का किया स्कोप में विस्तार

महानगर संवाददाता



जयपुर। जयपुर में परकोटा को छोड़कर पूरे शहर में ई-रिक्शा का संचालन बैन कर दिया है। जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए गुरुवार को जेडीसी आनंदी की अध्यक्षता में ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इनमें त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी के पास गोपालपुरा बाईपास तक एलिवेटेड रोड के निर्माण को मंजूरी दी गई है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 8-10 सीटर टेम्पो और चौपहिया वाहनों के लिए नए रूट तय किए जाएंगे। शहर की विभिन्न पुलियाओं और ओवरब्रिज पर भी ई-रिक्शा व ई-कार्ट के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी नाका से प्रस्तावित हीरापुर बस टर्मिनल तक, आगरा रोड घाट की गुणी से 52 फीट हनुमान जी तक, दिल्ली रोड रामगढ़ मोड़ से आमेर घाटी दिल्ली रोड तक ई-रिक्शा और ई-कार्ट संचालन को प्रतिबंधित करने का फैसला लिया। मेट्रो स्टेशन मानसरोवर से 200 फीट बाईपास अजमेर रोड और जयपुर शहर के ओवरब्रिज भारत जोड़ो सेतु, अजमेर पुलिया, टोंक रोड पुलिया, गोपालपुरा पुलिया, दुर्गापुरा पुलिया, सांगानेर पुलिया पर ई-रिक्शा को बैन किया है। सुगम ट्रैफिक के लिए ई-रिक्शा और ई-कार्ट चालकों को 10 दिन की ट्रेनिंग देने का फैसला किया गया। जयपुर शहर के सभी मार्गों जहां ई-रिक्शा-ई-कार्ट को बैन किया है, वहां मिनी बस, 8 से 10 सीटर टेम्पो और ऑटो रिक्शा उपलब्ध कराने का फैसला किया गया।

#### बैठक में लिए मुख्य निर्णय

- बीलवा चौराहे से खोले के हनुमानजी मंदिर तक 8-10 सीटर टैंपो चौपहिया वाहनों के नवीन मार्ग खोले जाने का निर्णय।
- महापुरा से जीवन रेखा अस्पताल एवं सरना डूंगरी औद्योगिक क्षेत्र से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक तक 8-10 सीटर टैंपो चौपहिया वाहनों के नवीन मार्ग खोले जाने का प्रस्ताव का मंजूर।
- जयपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में वर्तमान में एलपीजी / सीएनजी / डीजल चलित वाहनों के लिए निर्धारित सीमा 40000 किए जाने का प्रस्ताव।
- शनि मंदिर एमआई रोड, किरण पैलेस अजमेर रोड, 200 फीट चौराहा अजमेर रोड, सीकर रोड और विद्याधर नगर से पानीपेच तक अमानीशाह नाला रोड, नारायण सिंह सर्किल तिराहा, दिल्ली रोड बजरी मंडी पर यातायात सुधारीकरण कार्य की मंजूरी।
- ट्रैफिक सिग्नल के साथ ट्रैफिक पोल भी उसी रंग की लाइट में दिखाई देंगे।
- सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर राउंड एलईडी, गति सीमा जागरूकता के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगवाए जाने की स्वीकृति।
- शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात के सुगम संचालन के लिए अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव।
- शहर में पानी भराव वाले स्थानों के लिए संबंधित विभाग/अभियंताओं को उचित प्रबंधन एवं समस्त जेब्रा क्रॉसिंग से अवरोधक हटाने के निर्देश।
- मल्टी लेवल पार्किंग की भूमि चिह्नित करने के लिए जेडीए एवं नगर निगम को निर्देश देने सहित 20 से ज्यादा महत्वपूर्ण निर्णय बैठक में लिए गए।

जयपुर, शुक्रवार, 20 जून, 2025
जयपुर
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
महानगर टाइम्स



# चौमासो लाग्यो रे...

*बिरखा बरसी सांतरी, मरुधर जागी आस! कोठा भरसी धान रा, डांगर चरसी घास।*
*ऊंचे धोरे बाजरी, ढलवां बीजू गवार! बिच्च बिच्च बिजू टीढ़सी, मतीरा मिश्रीदार।।*

मानसून आने के साथ ही राजधानी में मौसम के कई रूप देखने को मिले। दिन में बारिश और शाम को बादलों की रंगों के साथ अठखेलियों के बीच छाई लालिमा आकर्षण का केंद्र रही। **फोटो : राजेश कुमार शर्मा**

### मानसून आते ही आधे से अधिक प्रदेश पर राहत की बौछार, राजधानी में सड़कें हुईं जलमग्न, 28 जिलों में आज हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी

# प्रदेश के नौ शहरों में झमाझम बारिश



अजमेर रोड पर भरे पानी के बीच गुजरते वाहन।

## जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा समेत कई शहर हुए पानी-पानी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की एंट्री के साथ ही तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। जयपुर, कोटा, बांसवाड़ा, जालोर, बूंदी, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, पाली सहित कई जिलों में गुरुवार को तेज बारिश हुई। जयपुर में सड़कों पर नदी की तरह पानी बहने लगा। चौमूं पुलिस थाने में करीब एक फीट तक पानी भर गया। इस बरसात से जहां तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं प्रदेश में खरीफ की फसल की बुआई के लिए आधार तैयार हो गया है। किसानों ने प्री-मानसून की बरसात के बाद से ही खेतों को हांक-जोत कर तैयार कर लिया था। अब बरसात के बाद में बिजाई हो जाएगी। अनेक जगहों पर बुआई भी हो गई है। वहीं प्रदेश में बरसात का आलम यह रहा कि राजधानी में तीसरे पहर से बरसात का दौर शुरू हुआ, जो करीब घंटे भर रहा। इस कारण चारदीवारी के भीतर पानी की नदियां बहने लगीं। चांदी की टकसाल हो या सुभाष चौक, सभी जगह सड़क पर पानी ही पानी नजर आ रहा था। इस कारण दुपहिया वाहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



जयपुर

प्रदेश में सुबह बूंदी, भीलवाड़ा में जोरदार बरसात हुई, जिससे वहां के सरकारी दफ्तरों हॉस्पिटल और भीलवाड़ा में शाहपुरा पुलिस चौकी में पानी भर गया। बांसवाड़ा में ट्रैक्टर सहित ड्राइवर नदी में बह गया। ट्रैक्टर चालक सरवनी निवासी 20 साल के दिनेश पुत्र सुखराम की तलाश जारी है। झालावाड़ में सुबह 11 बजे मानसून की पहली तेज बारिश हुई। इससे सड़कें लबालब हो गईं। पिछले 24 घंटे में जयपुर के फुलेरा में 113 एमएम (4 इंच से ज्यादा) बारिश हुई। प्रतापगढ़, बूंदी, भीलवाड़ा समेत कई जगहों पर 2 से लेकर 4 इंच तक पानी बरसा। तेज बारिश से इन शहरों में बरसाती नालों और नदियों में भी पानी बहने लगा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने शुक्रवार को 28 जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।



बांसवाड़ा में ट्रैक्टर सहित नदी में बहा चालक।

### जयपुर में जमकर हुई बरसात

जयपुर में गुरुवार दोपहर से ही बारिश का दौर शुरू हो गया। सांगानेर, फागी, माधोराजपुरा, चाकसू समेत कई जगह बारिश हुई। चौमूं में 45, जोबनेर-मोजमाबाद में 20-20, जालसू में 12, सांभर में 46, फुलेरा में 113 और जमवारामगढ़ में 30 मिमी बारिश दर्ज हुई।

### पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी

जैसलमेर, फलोदी, बीकानेर और श्रीगंगानगर में तेज गर्मी रही। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। गुरुवार को सबसे ज्यादा गर्मी जैसलमेर में रही। यहां अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 42.3, बीकानेर-फलोदी में 42.2, बाड़मेर में 39.8 और चूरू में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## कावड़ यात्राओं के दौरान नहीं बिगड़ने दिया जाएगा माहौल

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सावन माह में निकलने वाली कावड़ यात्राओं के दौरान माहौल नहीं बिगड़ने दिया जाएगा और कावड़ यात्राओं को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस बारे में पुलिस को सतर्क रहने और माहौल बिगाड़ने वालों को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बताया कि सावन माह में कावड़ यात्राओं का आयोजन बिना किसी बाधा के हो सके, इसके लिए सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने में सफल रही है और कावड़ यात्राओं के दौरान भी इस बात के इंतजाम किए जाएंगे कि कोई भी तत्व माहौल ना बिगाड़ पाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस को इस बारे में सतर्क रहने और पूरी तत्परता से काम करने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। कोई विशेष आयोजन होंगे तो अलग से निर्देश और दिए जाएंगे। वहीं कावड़ यात्राओं के दौरान डीजे बजाने को लेकर होने वाले विवादों पर मंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह सफल रही है और इसी से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और वे छिटपुट घटनाएं करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन ऐसे तत्वों पर हमारी एजेंसियों की पूरी नजर है और ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। प्रदेश में शांति बने और धार्मिक आयोजन अच्छे ढंग से हो सकें, यह हमारी प्राथमिकता है। गौरतलब है कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय कावड़ यात्राओं के आयेजन को लेकर कई तरह की पाबंदियां सरकार की ओर से लगा दी गई थीं। कावड़ यात्राओं को संवेदनशील मार्गों से निकालने और डीजे बजाने को लेकर भी पाबंदियां लगाई गई थीं। इसे लेकर कड़ा विरोध भी सामने आया था।

## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी लॉन्च

- अब पटौदी के नाम पर देंगे मेडल
- भारत-इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच आज से



विशेष संवाददाता

**लंदन।** करीब तीन हफ्ते तक चले विवाद के बाद ईसीबी और बीसीसीआई ने गुरुवार को तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी लॉन्च कर दी। इसी के साथ पटौदी ट्रॉफी को अधिकृत रूप से रिटायर कर दिया गया। दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड ने पटौदी परिवार के सम्मान में पटौदी मेडल देने का फैसला लिया है, जो इस सीरीज के विजेता कप्तान को दिया जाएगा। 14 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे के बाद अनावरण स्थगित कर दिया गया था।

इस मौके पर दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि उनके (टाइगर पटौदी) के सम्मान में एक पदक देने का फैसला किया गया है। पटौदी ट्रॉफी के रिटायरमेंट पर विवाद हो गया था। ऐसे में तेंदुलकर ने पटौदी की विरासत को कायम रखने की पहल की। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। गौरतलब है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रंखला का पहला मुकाबला 20 जून से लीड्स में शुरू होगा।

## ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई महफूज नहीं : नेतन्याहू

- इजराइल के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री का सामने आया बयान
- अब इजराइल से भारतीयों को निकालेगी केंद्र सरकार



### ईरान से 600 भारतीय छात्र आज दिल्ली रवाना होंगे

इजराइल-ईरान जंग के बीच भारतीय छात्रों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने की कवायद जारी है। गुरुवार को ईरान के कोम से लगभग 600 भारतीय छात्रों को मशहद में सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। इनमें 500 कश्मीरी छात्र हैं। मशहद ईरान का सीमावर्ती शहर है।

विशेष संवाददाता

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन भी जारी रही। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि ईरान में अब सुप्रीम लीडर खामेनेई सहित कोई भी महफूज नहीं है। इससे पहले दिन में उन्होंने कहा था कि हम ईरान से इजराइल पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे। वहीं इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। खामेनेई जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है। नेतन्याहू और काट्ज का यह बयान गुरुवार सुबह इजराइल के चार शहरों तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद आया है। ईरान ने तेल अवीव में इजराइली स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, बीर्शेबा में एक अस्पताल सहित कई जगहों को निशाना बनाया था। इन हमलों में 176 लोग घायल हुए हैं। 6 की हालत गंभीर है। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित ह्यूमन राइट्स ग्रुप का दावा है कि ईरान में मौत का आंकड़ा 639 हो गया है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इधर, भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान के बाद अब इजराइल से भी भारतीय नागरिकों को निकालने की घोषणा की है। मंत्रालय ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत भारतीय नागरिकों को लैंड बॉर्डर के रास्ते निकाला जाएगा। ईरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचे थे।

### कृषि मंत्री का उदयपुर में खाद फैक्ट्री पर धावा

## घटिया माल से किसानों को मत लूटोः किरोड़ी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने उदयपुर में खाद बनाने वाली एक फैक्ट्री पर छापा मारा। इस फैक्ट्री में सिंगल सुपर फास्फेट खाद बनाया जाता है। कार्रवाई में मिलावट होना सामने आया था।

उदयपुर के उमरड़ा स्थित पटेल फास्फोरस कंपनी में मंत्री ने खाद के सैंपल लिए और कहा- इसमें मिलावट है। इसके बाद आसपास की फैक्ट्रियों में भी जांच की। मंत्री किरोड़ी ने कहा कि एसएसपी खाद में मिलावट की जानकारी मिली थी। ये लोग सल्फ्यूरिक एसिड की घटिया गुणवत्ता डालते हैं। पहले हमारे अधिकारियों ने 6 बार जांच की थी। मई में अलग-अलग सैंपल लिए गए थे, जो मानकों पर खरे नहीं उतरे। मीणा ने कहा कि पहले भी शिकायत मिली, 6 महीने तक सब्सिडी सस्पेंड रखी, लेकिन ये सुधर नहीं रहे हैं। किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं।

### खाद में था घटिया क्वालिटी का रॉक फॉस्फेट

मंत्री ने कहा कि घटिया माल बनाकर किसान को लूट रहे हैं। नकली और घटिया माल बनाने वाली कंपनियों के सैंपल लेकर टेस्ट करवाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इन फैक्ट्री वालों को प्रमोट कर एसएसपी (सिंगल सुपरफॉस्फेट) खाद के 50 किलो के बैग पर 388 रुपए की सब्सिडी दे रही है, लेकिन इन बैग में मिलावट मिली। हमें शिकायत मिली कि इसमें रॉक फॉस्फेट घटिया गुणवत्ता का उपयोग कर रहे थे। शिकायत सही मिली है। कृषि मंत्री ने बताया कि यहां अब तक 11 सैंपल लिए गए। ये सभी अमानक पाए गए हैं।

## बाघिन एरोहैड की मौत, तीनों संतानें रणथम्भौर से बाहर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रणथम्भौर की महारानी बाघिन मछली की नातिन टी-84 ऐरोहैड की गुरुवार को दर्दनाक मौत हो गई। 12 साल की यह बाघिन बोन ट्यूमर से पीड़ित थी।

बाघिन एरोहेड टी-84 ने कुछ दिन पूर्व पदम तालाब के किनारे मगरमच्छ का शिकार कर इतिहास रचा था। इसने सालों तक पर्यटकों को रोमांचित किया था। पिछले दो माह में तीन टाइगर अटैक के बाद ऐरोहैड की तीनों संतानों को पास के दूसरे अभयारण्यों में भेज दिया है। गुरुवार को नाका भीड़ क्षेत्र स्थित एनक्लोजर से ऐरोहेड (टी-84) की



मादा शावक आरबीटी 2507 (कनकटी) को मुकुंदरा टाइगर हिल्स रिजर्व कोटा रवाना किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. रामानंद भाकर (उप वन संरक्षक प्रथम, रणथम्भौर) के नेतृत्व में किया गया। इससे पूर्व 17 जून को कनकटी की बहन आरबीटी-2508 को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बूंदी और ऐरोहेड के नर शावक आरबीटी 2509 को कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य में भेजा गया था।

## शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद होंगे तबादले : दिलावर

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि आने वाले शैक्षणिक सत्र के बाद ही टीचर्स के ट्रांसफर होंगे। इस बयान के बाद टीचर्स में निराशा छा गई है। शिक्षा संकुल में पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विधायकों से ईमेल के माध्यम से डिजायर नहीं मांगी गई थीं, दरअसल, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा और करौली विधायक दर्शन गुर्जर के सोशल मीडिया अकाउंट से 13 जून तक टीचर्स से ट्रांसफर के लिए आवेदन मांगे थे। इसमें मीणा ने केवल सपोटरा में और गुर्जर ने केवल करौली में तबादला चाहने वाले शिक्षकों से ही आवेदन मांगे हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के आवेदन स्वीकार नहीं करने की बात लिखी थी।

वहीं शिक्षा मंत्री ने कहा कि अच्छा योग करने वाले बच्चों को योग एंबेसडर बनाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभी विचार में है, हमारे देश के योग को दुनियाभर ने माना है, इससे मन और आत्मा का योग होता है। उन्होंने यह भी कहा कि अब विद्यार्थी ऑन डिमांड ओपन परीक्षा दे सकेंगे।

## 'रोजगार उत्सव से सरकारी नौकरी का सपना हो रहा पूरा'

### मुख्यमंत्री निवास पर रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार जुलाई में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव मनाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना के तहत भर्तियां आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा कैलेंडर के अनुसार आयोजित कर युवाओं को समयबद्ध रूप से रोजगार उत्सव के तहत नियुक्तियां दी जा रही हैं।

सीएम शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव (जुलाई-2025) की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को जुलाई माह में होने वाले इस उत्सव के आयोजन की सुनियोजित तैयारियां करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं



की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को नियुक्ति देने से पूर्व शेष प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा। सीएम कहा कि राज्य सरकार ने अब तक आयोजित रोजगार उत्सव के तहत प्रदेश के 67 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनका सरकारी नौकरी का सपना पूरा किया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 'लंबित भर्ती प्रकरणों की मजबूती से हो पैरवी'

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को न्यायालय में विभिन्न कारणों से लंबित भर्ती प्रकरणों की मजबूती से पैरवी करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रदेश में युवाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से जोड़ने को भी कहा, जिससे पात्र युवाओं को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं त्वरित गति से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री आज अहमदाबाद-जैसलमेर के दौरे पर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को अहमदाबाद जाएंगे, वहां तयशुदा कार्यक्रम में भाग लेकर देर शाम जैसलमेर आएंगे। वहां देर शाम गढ़ीसर तालाब में संध्या आरती के साथ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उसके बाद शनिवार को योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उसके बाद जयपुर रवाना होंगे।

# चालीहा महोत्सव में हुआ टेऊंराम महाराज का गुणगान



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिंध के महान संत, प्रेम प्रकाश मण्डल के संस्थापक योगीराज सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज की स्मृति में आयोजित चालीहा महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल फार्म में भक्ति संध्या का आयोजन किया गया।

संत मोनूराम महाराज, भगत जीतूराम, संत हरीश, अविनाश ऋषि, भरत सहित अन्य संत मंडल की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्वामी टेऊंराम की आकर्षक झांकी सजाई गई और श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम में अमृतवाणी, दोहे, पद, श्लोक एवं भजनों के माध्यम से भक्ति और ज्ञान की वर्षा हुई। मुकेश लखयानी, मनोज तेजवानी, संदीप, प्रदीप मालिक सहित अनेक गुरुभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्ति से सराबोर इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर भजन, संकीर्तन एवं सत्संग का लाभ लिया। आयोजन के समापन पर विशाल आम भंडारे में सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि यह महोत्सव 30 जून तक जयपुर सहित विश्वभर में श्री अमरापुर दरबार के विभिन्न स्थानों पर उत्साह, उल्लास एवं भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। 30 जून को सद्गुरु टेऊंराम की जयंती महोत्सव भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।

# विधायक सराफ ने मंडल कार्यकर्ताओं के साथ किया सामूहिक योगाभ्यास



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व गुरुवार को डब्ल्यूटीपी के सामने जेडीए पार्क में मालवीय नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम संयोजक जूही केडिया ने बताया कि योग शिक्षक राजेन्द्र कुमार द्वारा सभी को योगाभ्यास करवाया गया।

सराफ के द्वारा पार्क में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, पार्षद ओमप्रकाश स्वामी, महेश सैनी, लक्ष्मण नुनीवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश खड़िया, मोहित मूलचंदानी, डीडी सैनी, नटवर कुमावत, राजेश शर्मा, जोरावर सिंह राजपुरोहित, नंदलाल शर्मा, रामपाल जैन, जय नायक, राजेंद्र कुमार योगाचार्य, सूर्यप्रतापसिंह राजावत, अमित शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वेतन नहीं मिलने से उद्यान श्रमिकों का कार्य बहिष्कार जारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वार्ड संख्या 35 (नगर निगम हेरिटेज) के अंतर्गत आने वाले उद्यानों की साफ-सफाई, सिंचाई, पेड़ों की छंटाई एवं रखरखाव का कार्य एक नर्सरी को सौंपा गया है, परंतु विगत कई माह से उद्यानों में कार्यरत श्रमिकों को नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा है।

इस अन्याय से आहत होकर उद्यान श्रमिकों ने 15 जून से कार्य बहिष्कार कर दिया है। कार्य बंद होने के कारण उद्यानों में कचरा और गंदगी का अंबार लग चुका है, जिससे नागरिकों को भी असुविधा हो रही है।

उद्यान श्रमिकों का कार्य बहिष्कार गुरुवार को भी जारी रहा। संवेदक 5 महीने कार्य करवा कर केवल 2 महीने का वेतन देता है। तीन माह का वेतन बकाया चलता रहता है। श्रमिकों ने बार-बार उद्यान निरीक्षक, सुपरिंटेंडेंट, जनप्रतिनिधियों और नगर निगम अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन उनकी पीड़ा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इन मेहनतकश श्रमिकों की हालत दयनीय होती जा रही है, घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दवा-इलाज तक प्रभावित हो रहा है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

- सभी श्रमिकों को शीघ्र बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।
- संवेदक को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वह हर माह नियमानुसार वेतन प्रदान करे।
- उद्यानों की सुंदरता और शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की जाए।
- यह केवल मजदूरों की नहीं, पूरे शहर की जन समस्या है। समय रहते समाधान अत्यंत आवश्यक है, जिससे जयपुर की हरियाली और श्रमिकों की आजीविका दोनों बनी रहे।

## पाटोत्सव पर वृंदावन शैली की बधाइयों से गूंजा श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी मंदिर

# 'देख छवि सांवरे की मैं तो हो गई बावरी सी...'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अजमेर रोड पर हीरापुरा स्थित श्री निम्बार्क नगर के श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी मंदिर के पंच दिवसीय पाटोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।

जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज के सान्निध्य में सुबह ठाकुरजी का पंचामृत, पंचगव्य और 108 औषधियों से वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया।

ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण कराकर ऋतु पुष्पों से मनोरम श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। दोपहर को समाजगायन में वृंदावन के स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ, स्वामी गिरिराज प्रसाद, जयपुर के संतोष व्यास सहित अन्य लब्ध प्रतिष्ठित भजन गायकों ने 'देख छवि सांवरे की मैं तो हो गई बावरी सी, मेरे मन को यही भा गया, मोहे सांवरा पसंद आ गया...ऐ री सखी मंगल गाओ री...यशोदा जायो ललना मैं वेदन में सुन आई...' जैसी बधाइयां वृंदावन शैली में गाईं तो महिलाओं ने भक्तिभाव से बधाइयों पर नृत्य किया। दो दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण की।



### श्रीजी की कृपा से तीर्थ स्थल बन गया निम्बार्क नगर

आरती के बाद जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संतों के आगमन से वीरान जगह भी तीर्थ स्थल बन जाती है। श्रीजी महाराज की कृपा से यह स्थान प्रसिद्ध हो गया है। इसका नाम ही निम्बार्क नगर हो गया है। इसमें यहां के भामाशाहों का बहुत भारी योगदान है।

### विशिष्टजनों ने लिया श्रीजी महाराज से आशीर्वाद

सनातन बोर्ड संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि पाटोत्सव में श्री सालासर बालाजी मंदिर के महंत विष्णु पुजारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान प्रांत कार्यालय भारती भवन के कार्यालय प्रभारी सुदामा, मुख्यमंत्री कार्यालय में कॉर्डिनेटर राकेश शर्मा, वैशाली नगर एसीपी आलोक गौतम, पूर्व निशक्तजन आयुक्त उमाशंकर शर्मा, श्याम शर्मा सहित अनेक विशिष्टजनों ने पाटोत्सव में हाजिरी लगाई और जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज से आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी मंदिर सेवा समिति के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया।

इससे पूर्व यज्ञाचार्य डॉ. भास्कर श्रोत्रिय के आचार्यत्व यजमानों ने श्री गोपाल महायज्ञ में 31 हजार आहुतियां अर्पित की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। पांच दिवसीय पाटोत्सव पर आयोजित श्री गोपाल महायज्ञ की पूर्णाहुति शुक्रवार को होगी।

# एकादशी पर होगा गोविंद देवजी मंदिर में बलिवैश्व गायत्री महायज्ञ

## अग्नि को भोग लगाने की परंपरा को सुदृढ़ बनाने पर देंगे जोर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** यज्ञीय भावना और प्रक्रिया द्वारा अन्न में संस्कारों की स्थापना के लिए गोविंद देवजी मंदिर में आषाढ़ कृष्ण एकादशी 22 जून को सुबह आठ से दस बजे तक निशुल्क पंच कुंडीय बलिवैश्व गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में यज्ञ को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली संपन्न कराएगी। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि यज्ञ पूरी तरह निशुल्क है। निश्चित समय पर आने वाले सभी दर्शनार्थियों को आहुतियां प्रदान करने का अवसर मिलेगा। हवन के निमित्त किसी सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं है। बुधवार को किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों ने पोस्टर का विमोचन किया। बाद में वेदमाता गायत्री और प्रथम पूज्य गणपति को निमंत्रित किया गया। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अग्नि पर भोग लगाना हमारी परंपरा रही है। अब लकड़ी के चूल्हे नहीं होने के कारण यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। गायत्री परिवार ने गैस चूल्हे पर अग्नि को भोग लगाने के लिए तांबे का विशेष पात्र तैयार करवाया है। उसी तांबे के पात्र पर हम किस प्रकार अग्नि को भोग लगा सकते हैं, इसका लाइव डेमो दिया जाएगा। तांबे के पात्र आयोजन स्थल पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि बलिवैश्व यज्ञ की उपलब्धि और महत्व बहुत अधिक है और विधि-विधान अति सरल है।

**महिलाएं सांस्कृतिक परंपरा की वाहक**

महिलाएं बड़ी सरलता से बलिवैश्व की प्रक्रिया चलाती रह सकती हैं। इसमें अपनी महान सांस्कृतिक परंपरा का निर्वाह होता है। जिस घर में प्रतिदिन बलिवैश्व होता है, उस घर के बालक निश्चित रूप से सुसंस्कारी बनते हैं। भारतीय संस्कृति में तो गौ और कुत्ते की रोटी सबसे पहले अलग निकालते हैं। बलिवैश्व के क्रिया का स्वरूप कितना ही छोटा क्यों न हो, उसके पीछे यही महान प्रेरणाएं भरी पड़ी हैं, जिन्हें अपनाने के कारण अपने देश के नागरिक देवमानव कहलाने का श्रेय- सौभाग्य प्राप्त करते रहे हैं।



### ऐसे करें बलिवैश्व यज्ञ

अपने देवताओं और इष्टदेव को भोजन कराने के भाव से शुद्ध और पवित्र भोजन बनाना चाहिए। घर में बिना नमक-मिर्च बना चावल या रोटी एक कटोरी में अलग निकाल कर उसमें थोड़ा सा घी-बूरा मिलाकर, उसमें से पांच आहुति (छोटी गोली बनाकर) गायत्री मंत्र बोलकर देना चाहिए। इसके लिए तांबे का पात्र बनाया गया है।

उसे गैस के बर्नर या चूल्हा की धीमी आंच पर रखकर उसमें पांच आहुति देनी चाहिए और प्रतिदिन साफ करना चाहिए। पांच आहुति देने के बाद तांबे की प्लेट के चारों ओर पानी की धारा करके 'ओम शांतिः शांतिः शांतिः' बोलकर तांबे के पात्र को एक तरफ रख दो। कटोरी में बचा हुआ प्रसाद (यज्ञावशिष्ट) जब घर के सदस्य भोजन करने बैठें, तब थोड़ा-थोड़ा परोसना चाहिए। आहुति भस्म हो जाए और अग्नि शांत होने के बाद भस्म को तुलसी के गमले में, पवित्र वृक्ष के तने में या पवित्र स्थान पर विसर्जित कर देना चाहिए।

### इसलिए जरूरी है आहुति देना

शांतिकुंज हरिद्वार में गायत्री परिवार राजस्थान जोन के समन्वयक गौरीशंकर सैनी के अनुसार परिवार का सदस्य जब अपने लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार के लिए सोचता है, तो परिवार आबाद होता है और नागरिक जब अपने लिए नहीं, परन्तु देश के लिए सोचता है तो राष्ट्र आबाद होता है। जो पांच आहुति देते हैं, वह पंच महायज्ञ है। गृहस्थ के घर में अनजाने में चींटी, कीट-पतंगे के मारे जाने से हिंसा होती रहती है। यह हिंसा निवारण एवं सत्प्रवृत्ति संवर्धन के लिए पांच दैनिक यज्ञ करते हैं। विधि छोटी है, परन्तु पंच महायज्ञ नाम दिया है।

### खुलते हैं सुख सौभाग्य के द्वार

बलिवैश्व यज्ञ से सुख, शान्ति और समृद्धि के द्वार खुल जाते हैं। गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते हैं, 'यज्ञ करने वाला कभी भी दरिद्र नहीं रहता है। घर में महिला सबको भोजन कराती है। सब्जी नहीं बचती तो छाछ के साथ खा लेती है, यही संवेदना की गंगोत्री है। कभी भी भोजन-भेद नहीं करना। अपने पति को अच्छा और देवर को बिना घी वाला, यह भोजन भेद है। इससे अन्न देवता नाराज होते हैं। घर में लक्ष्मी नहीं रहती हैं।'

### ये हैं पंच महायज्ञ

**ब्रह्मयज्ञः** बलिवैश्व यज्ञ करने से ब्रह्म अर्थात परमात्मा प्रसन्न होते हैं और संस्कारित अन्न खाने वाले को ब्रह्मज्ञान प्रदान करते हैं, जिससे आत्मा और परमात्मा का मिलन होता है। इसी को ब्रह्मयज्ञ कहते हैं।



**देवयज्ञः** नित्य यज्ञ करने से देवता प्रसन्न होते हैं और मनुष्य देवत्व को उपलब्ध हो, ऐसी बुद्धि, शक्ति और ज्ञान मिलता है। देवपूजन, हवन, उपासना, साधना को देवयज्ञ कहते हैं।



**ऋषियज्ञः** ऋषियों को आहुति प्रदान करने से ऋषि जीवन जैसे गुण यानि ब्रह्मचर्य पालन, वेद का पठन-पाठन, साधारण जनता के लिए साधना के नियमों की शोध, सत्प्रवृत्ति और ज्ञान संवर्धन के लिए ग्रंथों का निर्माण करने की शक्ति व्यक्ति को प्रदान करते है।



**नरयज्ञः** पशु वृत्तियों, कुविचारों, दोष-दुर्गुणों, कुप्रथाओं को यज्ञ की आहुति के साथ हवन कर दें और सबके साथ प्रेम, मैत्रीभाव, करुणा और सेवा भाव का विकास करना यही नरयज्ञ है।

**भूतयज्ञः** पशु, पक्षी, वृक्ष, वनस्पति, कीट- पतंग सबका पालन-पोषण और हमारी आत्मीयता और करुणा का सबके प्रति विस्तार करना यही भूतयज्ञ है। एक भैंस को मालिक ने चाबुक मारा, उसके निशान परमहंस देव की पीठ पर उठ गए, वही है आत्मीयता का विस्तार। इसी को कहते हैं भूतयज्ञ। अन्य प्राणी के दुखों की अनुभूति स्वयं करना'आत्मवत्सर्वभूतेषु' अर्थात् भूतयज्ञ।



# संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जुलाई तक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून से शुरू होंगे। आवेदन की अंतिम तारीख 20 जुलाई निर्धारित है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि छात्र शास्त्री (स्नातक), आचार्य (स्नातकोत्तर) कक्षाओं के अंतर्गत वेद एवं पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, दर्शन, जैन दर्शन तथा विशिष्टाद्वैत वेदान्त जैसे पारंपरिक विषयों में आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही योग विज्ञान विषय में बीए और एमए कक्षाओं में प्रवेश के लिए भी आवेदन किए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा ज्योतिष, कर्मकांड, पीजीडीसीए एवं पीजीडीवाईटी जैसे व्यावसायिक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें आवेदन किए जाएंगे। उच्च माध्यमिक स्तर पर जिन विद्यार्थियों के पास संस्कृत विषय नहीं रहा है, वे भी शास्त्री एवं बीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र हैं। आवेदन के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी ली जा सकती है।

# दुर्गापुरा में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री चेतना केन्द्र की ओर से खवास जी के बाग में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ हुआ। गायत्री मंत्र जाप से इसकी शुरुआत हुई। बाल संस्कारशाला में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशल पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस नव आरंभित बाल संस्कार शाला का संचालन पूनम जोशी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बाल संस्कार शाला का उद्देश्य बच्चों को संस्कार, अनुशासन, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति के विचारों से युक्त कर उन्हें सशक्त एवं जागरूक नागरिक बनाना है।

# संत का पंथ नहीं, पथ होता है : शशांक सागर

## तीन दिगम्बर जैन संघों के सात संतों का वात्सल्य मिलन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रतापनगर सेक्टर आठ स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर-8 की पुण्यधरा पर गुरुवार को एक ऐतिहासिक क्षण बना, जब तीन दिगम्बर जैन संघों के सात संतों का भव्य वात्सल्य मिलन हुआ। इस अद्भुत अवसर पर श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ संतों का स्वागत कर धर्मलाभ लिया।

सुबह श्री शांतिनाथ मंदिर में दो संघों के छह संतों का मंगल प्रवेश हुआ। इसी दौरान श्रुत संवेगी मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ का भी मंदिर परिसर में आगमन हुआ, जिसके साथ ही तीन संघों के सात संतों का दुर्लभ महामिलन संभव हुआ। इस मौके पर आचार्य शशांक सागर महाराज, उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर मुनिराज, मुनि आदित्य सागर महाराज सहित सात संतों की दिव्य उपस्थिति में धर्मसभा आयोजित हुई।

मुनि आदित्य सागर महाराज ने कहा कि अभ्यास, एकाग्रता और निरन्तरता ही जीवन की सच्ची सफलता के सूत्र हैं। उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर ने कि गुरु की कृपा मोक्ष से कम नहीं होती। सफलता की निरंतरता ही सबसे बड़ा धर्म है। आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि सुख साधनों में नहीं, बल्कि साधना में है। संत का पंथ नहीं, पथ होता है। धर्मसभा के बाद महाआरती, आहारचर्या, सामायिक, शास्त्र चर्चा और संध्या कालीन आनंद यात्रा के आयोजन भी संपन्न हुए। समाज के विभिन्न गणमान्यजनों और पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।




### श्योपुर में आज होगा मंगल प्रवेश

राजस्थान जैन युवा महासभा, जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ का शुक्रवार को श्योपुर के श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर चांदनी गार्डन में धर्मसभा, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन और शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। जुलूस में महिला मंडल की महिलाएं मंगल कलश लेकर चलेंगी। जयपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेंगे।

## वीर सैनिकों को सिंदूर का पौधा देकर किया सम्मानित, झोटवाड़ा में वृक्ष कथा-ऑपरेशन सिंदूर संपन्न

# 'वृक्ष भी करते हैं सैनिकों की तरह देश की रक्षा'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** माधव जन कल्याण मंच के तत्वावधान में गुरुवार को नांगल जैसा बोहरा स्थित शिव विहार कॉलोनी में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष आयोजन वृक्ष कथा-ऑपरेशन सिंदूर का आयोजन किया गया।

संत प्रकाशदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। संत प्रकाशदास महाराज ने भजनों और देश भक्ति गीतों से माहौल में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष कथा जैसे आयोजन बहुत जरुरी हैं, क्योंकि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। धन और संसाधनों का वृक्षों के बिना कोई मूल्य नहीं है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि के प्रांत पर्यावरण प्रमुख अशोक कुमार शर्मा ने वृक्षों की उपादेयता पर केन्द्रित वृक्ष कथा का संगीतयम श्रवण कराया। कथा में बताया गया कि किस प्रकार वृक्ष न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि राष्ट्र रक्षा में भी अप्रत्यक्ष रूप से सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर हमारी रक्षा सैनिक करते हैं और सैनिकों की रक्षा वृक्ष ही करते हैं। वृक्षों के हरे रंग की ही सैनिकों की वर्दी होती है। एक तरह से वृक्ष भी हमारे वीर सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना जरुरी है, उन्हें कटने से बचाना और भी जरुरी है। सरकार हर साल करोड़ों पेड़ लगा रही है, लेकिन यह भी सच है कि लाखों की संख्या में पेड़ आए दिन काटे भी जा रहे हैं।

इस मौके पर देश के 51 वीर सैनिकों को सिंदूर का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सैनिक पौधे को घर में रोपित करेंगे, ताकि ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति बनी रहे। यह पौधा जब फल देगा, तो उससे प्राप्त शुद्ध सिंदूर को हनुमानजी को अर्पित किया जा सकेगा। साथ ही सुहागिन महिलाएं भी इस सिंदूर को अपनी मांग में भर सकेंगी। इस अभिनव प्रयोग से वैवाहिक संस्कारों में शुद्ध, स्वदेशी और धार्मिक महत्व वाले सिंदूर के प्रयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिन्होंने इस अनोखी पहल को सराहा और संकल्प लिया कि वे पर्यावरण एवं राष्ट्र सेवा से जुड़ी इस मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के आयोजक बनवारी लाल सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया।




# बोहराजी की बावड़ी में विशेष योग सत्र आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पतंजलि किसान सेवा समिति, जयपुर एवं उत्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन के तहत शुक्रवार सुबह 5:30 बजे से 7 बजे तक नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी योग कक्षा के परिसर में एक विशेष योग सत्र आयोजित किया जाएगा। योग के साथ यज्ञ भी होता रहेगा। उत्थान सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला के बालक-बालिकाओं के अतिरिक्त अनेक स्थानीय विद्यालयों के बच्चे एवं योगनिष्ठ नागरिक सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। इसी के साथ योग के प्रति जागरूकता के लिए आस-पास योग जागृति रैली निकाली जाएगी। योग करने वाले बच्चों को योग के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

# समग्र स्वास्थ्य के अभूतपूर्व अभियान का हिस्सा बनिए

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

**विशाखापत्तनम** में होने वाले योग प्रदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों उत्साहियों के साथ होंगे

लाइव प्रसारण DD न्यूज पर

21 जून | 6 बजे से

देश में हो रहे **8 लाख** से भी अधिक आयोजनों एवं **175+ देशों** में हो रहे योग उत्सवों के माध्यम से आई.डी.वाई. 2025 की गूँज दुनिया के हर कोने से सुनाई देने वाली है।

**अपने पास के किसी ऐसे कार्यक्रम से जुड़िए और #IDY2025 का उपयोग करके योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करिए**

cbc 17201/13/0005/2526



moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

# ट्रंप की 'धूर्तनीति' पर भारी पड़े मोदी!

## भारत-पाकिस्तान को एक तराजू में तोलने की गलती न करे अमेरिका

**'ऑपरेशन सिंदूर'** के बीच अचानक सीजफायर को लेकर लगातार उठ रहे सवालों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई 35 मिनट की टेलीफोनिक वार्ता के बाद कुहासा छंट जाना चाहिए। जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति इस मसले में अपनी भूमिका को लेकर 'अपने मुंह मियां मिट्ठू' बनने की बार-बार कोशिशें कर रहे थे उस पर मोदी की दोटूक बेबाकी ने खुद को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत मान रहे अमेरिका को आइना दिखा दिया है। भारत के विदेश सचिव ने भी स्पष्ट किया कि 'साफ कहा गया है मध्यस्थता नहीं, कोई ट्रेड डील नहीं हुई है,' और भारत ने पाकिस्तान के डीजीएमओ का न्योता भी ठुकराया। भारत ने ट्रंप की किसी भी प्रकार की मध्यस्थता की भूमिका को सिरे से खारिज करते हुए कश्मीर को अपना आंतरिक मामला बताया और आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को 'एक्चुअल वॉर' करार दिया। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर ट्रंप से बातचीत में स्पष्ट किया था कि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। इसी क्रम में पाकिस्तान के प्रति अपना प्रेम दिखा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पाक सेनाध्यक्ष जनरल मुनीर को अपने साथ लंच पर आमंत्रित करने की घटना के पीछे अमेरिका की कुटिलता को पूरी दुनिया के सामने ला दिया है। ट्रंप ने जिस तरह से प्रोटोकॉल तोड़ कर मुनीर को खाने पर बुलाया और इसमें प्रधानमंत्री मोदी को भी साथ आने का आग्रह किया यह किसी घृणित शरारत से कम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप का यह न्योता ठुकराकर जिस तरह से उन्हें उनकी औकात दिखाई है उसकी सभी को प्रशंसा करनी चाहिए। आखिरकार अपनी इस ओछी हरकत से डोनाल्ड ट्रंप क्या साबित करना चाहते हैं... क्या इसके पीछे पूरी दुनिया में उनकी चौधराहट दिखाने की घटिया सोच बड़ा कारण रही है या फिर ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर 'धूर्तनीति'! इसे चतुरसुजान मोदी बखूबी पहचान गए। यही कारण है कि ट्रंप के कई बार आग्रह करने के बाद भी मोदी साइप्रस से आगे बढ़ गए। इसकी पृष्ठभूमि पर गौर करें तो यह ध्रुव सत्य है कि अमेरिका की तमाम रीतियां व नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। जहां उसे अपने आर्थिक व सामरिक हित नजर आते हैं, वहीं उसकी सभी रीति-नीतियां ठहर जाती हैं। दशकों से आतंक की पाठशाला चला रहे पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ कथित साझेदारी के लिए उपकृत करने वाले अमेरिका के मंसूबों को समझा जा सकता है।



**जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति भारत-पाक तनाव में अपनी भूमिका को लेकर 'अपने मुंह मियां मिट्ठू' बनने की बार-बार कोशिशें कर रहे थे उस पर मोदी की दोटूक बेबाकी ने खुद को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत मान रहे अमेरिका को आइना दिखा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप का यह न्योता ठुकराकर जिस तरह से उन्हें उनकी औकात दिखाई है उसकी सभी को प्रशंसा करनी चाहिए। आखिरकार अपनी इस ओछी हरकत से डोनाल्ड ट्रंप क्या साबित करना चाहते हैं... क्या इसके पीछे पूरी दुनिया में उनकी चौधराहट दिखाने की घटिया सोच बड़ा कारण रही है या फिर ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर 'धूर्तनीति'! इसे चतुरसुजान मोदी बखूबी पहचान गए।**

विडंबना यह है कि पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान को कथित रूप से युद्ध विराम के लिए सहमत कराने के लिए खुद की ही पीठ थपथपा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दस मई को अमेरिका की मध्यस्थता में देर रात तक बातचीत के दावे के बाद कथित रूप से पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। पल-पल अपना रुख बदलने के लिए कुख्यात ट्रंप इस विवादास्पद मामले पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं। मगर बार-बार उनके द्वारा दोहराए जाने वाले दावे भारत की परेशानी का सबब बन रहे हैं। भारत ने ऐतिहासिक रूप से द्विपक्षीय विवादों को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से दूर रखा है। अब, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिकॉर्ड को सही करने का प्रयास किया है, और वह भी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इस्लामाबाद के अनुरोध पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हमलों को रोक दिया था, न कि मध्यस्थता या अमेरिका द्वारा किसी व्यापार सौदे की किसी पेशकश के कारण। यह दावा डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रचार को सिरे से खारिज करता है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को समझाने के लिए व्यापार कार्ड का इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके बावजूद बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री की सीधी बात ट्रंप को समझ आएगी! क्या ये बातचीत ट्रंप को भारत व पाक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोकपाएगी! लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया कारगुजारियों से तो ऐसा होता नजर नहीं आता। पहले बात अमेरिका को स्पष्ट समझा दी जानी चाहिए कि वह भारत व पाक को एक तराजू में तोलने की भूल न करे। हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान जिस तरह ट्रंप प्रशासन ने विवादास्पद पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर को तरजीह दी, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की लंच पर मेजबानी करके नवीनतम भड़काऊ कदम ही उठाया है। उसे देखते हुए यह संभावना असंभव ही लगती है कि ट्रंप दोनों देशों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बाज आएंगे। यह वही मुनीर आलम है जिसने पहलगाम आतंकी हमले से बमुश्किल एक सप्ताह पूर्व कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। इसके अलावा संकीर्ण सांप्रदायिक टिप्पणियां भी की थीं। यह बात अतार्किक ही लगती है कि अमेरिका पाक को अपने साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए पुरस्कृत कर रहा है। दोनों देशों के बीच पक रही यह खिचड़ी भारतीय कूटनीति के लिए एक बड़ी चुनौती कही जा सकती है। निश्चित रूप से दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित भारत इस स्थिति को हल्के में नहीं ले सकता। भारत को पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रयासों को विफल करने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। अब चाहे अमेरिका को ये पसंद आए, चाहे न आए। भारत के लिए यह कूटनीतिक चुनौती है और देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप भारत को अपनी रीतियों-नीतियों को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। यह जानते हुए कि हमारा दशकों से विश्वसनीय साथी व महाशक्ति रहा रूस आज उतनी मजबूत स्थिति में नहीं है। लंबे खिंच रहे यूक्रेन संघर्ष ने रूस की अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में कभी मजबूत रही स्थिति को कमजोर ही किया है। ऐसे में भारत को बदलते परिदृश्य में कूटनीति को नए सिरे से परिभाषित करना होगा।

### धर्म का एक दशक

# मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**गजेन्द्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री



**जनवरी 2024** में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक



बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।

यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए। 2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था: भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत,सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और 'मन की बात' के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें। 'विकास भी, विरासत भी' के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावे और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है।

इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं।

राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है। भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं। और उस स्मृति में, धर्म की निगरानी में, भारत ने फिर से अपनी आवाज पाई है।

# जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने

**कमलेश पांडे**

**जी-7** शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ग्लोबल साउथ के हिमायती भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद, व्यापार और विकास जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर दुनिया के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान जो नसीहत दी, उसके वैश्विक मायने खास हैं और उन्हें समझने-समझाने की भी जरूरत है, ताकि भारत के मतदाताओं में अपने अंतरराष्ट्रीय हितों के प्रति भी जागरूकता पनपे और बढ़े। बता दें कि कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि 'आतंक समर्थक देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी' उनका इशारा अमेरिका, कनाडा, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ के उन देशों की तरफ था जो अमेरिकी अगुवाई में लोकतंत्र की बात तो करते हैं, लेकिन आतंकवादी समर्थक देशों को भी वित्तीय मदद देते व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दिलवाते हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि, 'वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।' उन्होंने यहां तक कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की पक्षपाती भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि, 'एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए।' समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग व समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत के टुकड़े करने के स्वप्न देखता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि, 'प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया और पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की निंदा करने के लिए नेताओं का आभार जताया। उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने और समर्थन देने वालों के खिलाफ सख्त वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।' साथ ही पीएम मोदी ने जी-7 मंच से ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाए।

गौरतलब है कि 22 अप्रेल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। प्रधानमंत्री ने जी-7 नेताओं के साथ अपनी बातचीत को 'उत्पादक' बताया और कहा कि चर्चा वैश्विक चुनौतियों और बेहतर भविष्य की आशाओं पर केंद्रित रही। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान 'ग्लोबल साउथ' की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान दिए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत 'ग्लोबल साउथ' की आवाज को वैश्विक



मंच पर पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी समझता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि 'ग्रुप ऑफ सेवन' (जी-7) दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। हालांकि हैरत की बात तो यह है कि इसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन, चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और दूसरी सैन्य महाशक्ति रूस को जगह नहीं दी गई है। कोढ़ में खाज यह कि इसमें रूस को पुनः शामिल किए जाने, चीन को भी लाने की जरूरत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने समझी, लेकिन भारत के विषय में चर्चा तक नहीं की। इससे उनकी पक्षपाती और भितरघाती मनोदशा का पता चलता है। ऐसा इसलिए कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में आशातीत उन्नति की और रूस का भरोसेमंद वैश्विक पार्टनर बना रहा। चूंकि भारत अमेरिकी इशारे पर चीन से नहीं उलझा, इसलिए वह अब अमेरिका के किसी काम का नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ बताते हैं कि भारत को देखते हुए इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे यूरोपीय संघ के देश भी अब अमेरिका को ज्यादा भाव नहीं देते। इजरायल व जापान भी इसी राह पर है, क्योंकि सबको भारत या चीन के रूप में एक मजबूत विकल्प मिल रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को घायल करने की नीति पर चल रहा है, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद, ताकि चीन भी उससे प्रसन्न रहे। वहीं, भारत के प्रधानमंत्री मोदी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की परिवर्तित मानसिकता को समझ चुके हैं। इधर, मोदी के कनाडा पहुंचते ही ट्रंप के वहां से निकल जाने के भी मायने तलाशे जा रहे हैं। यही वजह है कि शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी ने कई द्विपक्षीय मुलाकातें भी कीं। साथ ही, अमेरिका के आग्रह पर फोन पर ट्रंप से बातचीत करते हुए भारत के मामले में मध्यस्थता करने के उनके सपने को जोर का झटका धीरे से दिया। वहीं, अचानक अमेरिका पहुंचने से इनकार करते हुए उन्हें ही भारत के लिए आमंत्रित कर डाला। वो भी उसी क्वाड की बैठक के लिए, जिसमें भारत की अरुचि जगजाहिर है। इसके अलावा, उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बानीज के साथ मुलाकात की। इन बैठकों में व्यापारिक सहयोग, निवेश बढ़ाने और वैश्विक आर्थिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी ने ठीक ही कहा है कि, 'उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य, स्वीकार्यता के मूलभूत सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए भारत ने समावेशी विकास का मार्ग चुना है।' जायसवाल ने भी बताया कि मोदी ने अपने संबोधन में एक स्थाई एवं हरित मार्ग के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और इस उद्देश्य की दिशा में भारत की वैश्विक पहलों जैसे कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, मोदी ने ठीक ही कहा कि, 'एआई (कृत्रिम मेधा) अपने आप में एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसके लिए बहुत ऊर्जा की आवश्यकता है। अगर प्रौद्योगिकी-संचालित समाज की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थाई रूप से पूरा करने का कोई तरीका है तो वह नवीनीकृत ऊर्जा के माध्यम से ही है।' उन्होंने ठीक ही कहा कि पिछली सदी में ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धा थी लेकिन इस सदी में 'हमें प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग करना होगा।'

## राशिफल

**आज दिनांक 20 जून, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2082, आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष नवमी, रेवती नक्षत्र, गरिजा करण, सोभना योग, राहुकाल: सुबह 10:47 से 12.28 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:45 बजे, सूर्यास्त सायं 7:11 बजे, चंद्रोदय रात 1:04 बजे, चंद्रास्त दोपहर 1:56 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 बजे से 12:55 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:09 से 4:57 बजे तक, चंद्रमा मीन राशि में संचार करेगा।**




आपके माता-पिता का सहयोग मिलने से वित्तीय परेशानियां खत्म हो सकती हैं। व्यक्तिगत मामलों को सुलझाने के लिए धैर्य से काम लें। आज आप घर के छोटे सदस्यों के साथ बातचीत करके अपने खाली समय का अच्छा उपयोग कर सकते हैं। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।




आज आपको आर्थिक परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। ऐसे में यह आपकी आर्थिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। जो लोग बेरोजगार हैं उन्हें अच्छी नौकरी पाने के लिए आज ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।




अगर आज आप लंबी दूरी की यात्रा करने वाले हैं, तो सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार में किसी शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबारियों को लॉन्ग टर्म में लाभ होने के संकेत हैं। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे परिणाम मिलने लगेंगे।




धन की स्थिति में सुधार होगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। मित्र के सहयोग से कारोबार में विस्तार हो सकता है। मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है।




आज आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा लेकिन अति उत्साही होने से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आज आपको धन की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर आपके सामने नई समस्याएं सामने आएंगी-चीजों को कूटनीतिक तरीके से नहीं संभालेंगे।




आज आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा लेकिन अति उत्साही होने से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आज आपको धन की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर आपके सामने नई समस्याएं सामने आएंगी-खासकर अगर आप चीजों को कूटनीतिक तरीके से नहीं संभालेंगे।




आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, लेकिन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार के सहयोग से किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।




मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में कोई उत्सव हो सकता है। व्यापारिक वृद्धि के संकेत हैं। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।




पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। धन की प्राप्ति होगी। आज धन का आगमन आपको कई आर्थिक परेशानियों से मुक्ति दिला सकता है।




मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में संतुलित रहें। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। माता-पिता से धन मिल सकता है। अपने साथी पर किसी भी चीज के लिए दबाव नहीं डालें।




आज वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन मन परेशान भी हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर किसी कारणवश कोई कार्य लंबित रहने से शाम को आपको अपना बहुमूल्य समय देना पड़ेगा। परिवार का साथ मिलेगा।




आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि देंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर फाइनेंस पर चर्चा कर सकते हैं और अपने भविष्य के लिए अपने धन की योजना बना सकते हैं।

## गुरु-शिष्य

### प्रेरक प्रसंग

**एक** नवदीक्षित शिष्य ने अपने गुरु के साथ कुछ दिन व्यतीत करने के बाद एक दिन पूछा- गुरुदेव, मेरा भी मन करता है कि आपकी ही तरह मेरे भी कई शिष्य हों और सभी मुझे भी आप जैसा ही मान-सम्मान दें।

गुरु ने मंद-मंद मुस्कुराते हुए कहा- कई वर्षों की लंबी साधना के पश्चात् अपनी योग्यता और विद्वता के बलबूते पर तुम्हें भी एक दिन यह सब प्राप्त हो सकता है।

शिष्य ने कहा- इतने वर्षों बाद क्यों? मैं अभी ही अपने शिष्यों को दीक्षा क्यों नहीं दे सकता? गुरु ने अपने शिष्य को तख्त से उतरकर नीचे खड़ा होने को कहा। फिर स्वयं तख्त पर खड़े होकर कहा- जरा मुझे ऊपर वाले तख्त पर पहुंचा दो।

शिष्य विचार में पड़ गया। फिर बोला- गुरुदेव! भला मैं खुद नीचे खड़ा हूं, फिर आपको ऊपर कैसे पहुंचा सकता हूं? इसके लिए तो पहले खुद मुझे ही ऊपर आना होगा।

गुरु ने मुस्कुराकर कहा- ठीक इसी प्रकार यदि तुम किसी को अपना शिष्य बनाकर ऊपर उठाना चाहते हो, तो तुम्हारा उच्च स्तर पर होना भी आवश्यक है। शिष्य गुरु का आशय समझ गया। वह उनके चरणों में गिर गया।

## सुडोकु 2145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | | | | |
| | 2 | | 1 | | 3 | 6 | | |
| 8 | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 7 |
| 3 | | | 6 | | 7 | | 5 | |
| | | | | | | | 3 | |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 2 | | 4 | | | 9 | | | |
| | 9 | 7 | | 2 | | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 | 2 |
| 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 |

# झाखरड़ा में तीन दशक बाद बिज्जू दिखे, माना जाता है सौभाग्य का प्रतीक

**धोरीमन्ना रेंज के झाखरड़ा में वन्य जीव गणना में आए सामने**

महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** वन विभाग द्वारा पिछले दिनों कराई गई वन्य जीवों की गणना में धोरीमन्ना रेंज के झाखरड़ा में तीन दशक बाद पहली बार 9 छोटे बिज्जू (स्मॉल इंडियन सिवेट्स) देखे गए हैं। मान्यता के अनुसार सिवेट को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसे दुर्लभ प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसकी आबादी बहुत कम है। बिज्जू एक छोटा मांसाहारी स्तनधारी जीव है, जो मारवाड़ के जोधपुर, जैसलमेर, जालोर, बीकानेर में पाया जाता था, मगर पिछले दशकों से इसकी उपस्थिति कहीं दर्ज नहीं हुई। इस क्षेत्र से लुप्त हो गए थे। बाड़मेर में इसे अंतिम बार वर्ष 1999 में देखा गया था। तीन दशक बाद बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना के वन्य जीव प्रतिबंधित क्षेत्र झाखरड़ा में इस बार वन्य जीवों की गणना में देखा गया। गणना में इनकी संख्या नौ आई है, जो सुखद है। इसे 'कब्र बिज्जू' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह मृत जानवरों का मांस खाने के लिए भी जाना जाता है और कभी-कभी कब्रिस्तानों में भी पाया जाता है। यह वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित है।

**बिज्जू के मल से बनती है सबसे महंगी कॉफी**

कब्र बिज्जू वही जानवर है, जिसके मल से निकले कॉफी बीज से दुनिया की सबसे महंगी कॉफी बनती है। बिज्जू के मल से तैयार होने वाली कॉफी के एक कप की कीमत लगभग 6,000 रुपए है। जानकार मानते हैं कि बिल्ली की तरह दिखने वाले इस जानवर की आंतों से गुजरने के बाद कॉफी बीन्स का स्वाद ज्यादा बेहतर हो जाता है। इस कॉफी को कोपी लुवाक नाम से जाना जाता है। अमेरिका में इसका एक औसत कप लगभग छह हजार रुपए में मिलता है।

**रात को निकलता है बाहर**

रात्रिचर होने से यह रात को मांद से बाहर निकलता है। कई बार तो यह लोमड़ी की मांद में जाकर उसे भी भगा देता है और वहीं घर बना लेता है। इसलिए इसे कब्र बिज्जू भी कहते हैं। सीवेट बिज्जू की उम्र 15 से 17 वर्ष की होती है। यह साल में एकबार ब्रीडिंग करता है और मादा बिज्जू एक बार में चार से छह बच्चे देती है।

**दो से पांच किलोग्राम होता है वजन**

इंडियन पाम सिवेट का लंबा, गठीला शरीर मोटे और झबराले बालों से ढका होता है। यह आम तौर पर भूरे रंग के होते हैं। इसके माथे पर एक सफेद मुखौटा होता है। प्रत्येक आंख के नीचे एक छोटा सफेद धब्बा, नासिका के प्रत्येक तरफ एक सफेद धब्बा और आंखों के बीच एक संकीर्ण काली रेखा होती है। शरीर पर काले निशान की तीन पंक्तियों के साथ थूथन, कान, निचले पैर और पूंछ का आधा भाग काला होता है। बिज्जू का सिर से शरीर की लंबाई लगभग 53 सेमी (21 इंच) होता है, जिसमें 48 सेमी (19 इंच) लंबी अनरिंग पूंछ होती है. इसका वजन दो से पांच किलोग्राम (4 से 11 पौंड) होता है।

## 'प्रशिक्षण का उपयोग दैनिक जीवन में जरूरी'



**नवलगढ़ (मसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालिका मोर नवलगढ़ में 17 मई से जारी है। गत दिनों हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को यहां आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि थानाधिकारी सुगन सिंह बिजारणिया रहे। अध्यक्षता स्काउट के जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा ने की। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार सैनी, कुलदीप पुनिया, नवलगढ़ संघ के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार रहे। संचालन लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने किया। सुगन सिंह बिजारणिया ने अपने स्काउट जीवन की सीखी हुई गांठें एवं सेवा कार्य के बारे बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उपयोग दैनिक जीवन में जरूरी है। स्थानीय संघ नवलगढ़ के सचिव अर्जुन सिंह सांखनीय ने मुख्य अतिथि का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। सुगन सिंह बिजारणिया को स्थानीय संघ नवलगढ़ का आजीवन सदस्य भी बनाया गया। इस अवसर पर स्काउटर रूक्मानंद खत्री, गाइडर सुमन डारा, वरिष्ठ अध्यापक सीमा भातरा, वरिष्ठ सहायक राजेंद्र प्रसाद केरोड़िया, सुशीला कुमारी, लक्ष्मी देवी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नीमकाथाना जिला एवं सीकर संभाग की बहाली की मांग को लेकर सीकर बंद

**नीमकाथाना (मसं)।** संभाग एवं जिला प्रशासनिक कामकाजों से सफलता के साथ पूरी तरह व्यवस्थित मूर्तरूप प्राप्त कर लिए जाने पश्चात राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में लिए निर्णय से सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला निरस्त होने से आहत क्षेत्रवासियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीकर संभाग एवं नीमकाथाना जिले को बहाल करने की मांग को लेकर गुरुवार को सीकर में अभिभाषक संघ के आहवान पर बंद रहा। इसके समर्थन में नीमकाथाना के अभिभाषक संघ ने नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही रैली के रूप में एडीएम कार्यालय बाहर एकत्रित वकीलों ने टायर जलाकर विरोध जताया।




अभिभाषक संघ अध्यक्ष यादव ने बताया कि सीकर संभाग तथा नीमकाथाना जिला पूर्ववत बने रहने के लिए सभी आवश्यक मापदंड पूरे किए हुए था और आमजन से जुड़े संभाग एवं जिला प्रशासनिक कामकाज होते रहने से क्षेत्रवासी लोगों को लाभ भी मिलना शुरू हो गया था। निर्धारित जिला प्रशासनिक कार्य योजना से संचालित संभाग एवं जिला निरस्त निर्णय जनता के हितों के विरुद्ध रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद अभिभाषक संघ अध्यक्ष यादव के नेतृत्व में वकीलों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख को ज्ञापन दिया गया।

## दो साल बाद कोर्ट के आदेश से मिला रास्ता, प्रशासन ने खुलवाया



**श्रीमाधोपुर (मसं)।** तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम खन्नीपुरा पटवार मंडल हांसपुर के 2 साल पुराने रास्ते के विवाद को कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस जाब्ते की उपस्थिति में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कर सुचारू किया गया। गौरतलब है कि शनिवार को स्वायत्त शासन व नगरीय विकास विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा को अपने आवास पर की गई जनसुनवाई में रास्तों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई थी। इस पर खर्रा ने तहसीलदार को रास्ते के विवाद शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीशप्रसाद बैरवा, पटवारी हल्का हांसपुर अरविंद सैनी व भू- अभिलेख निरीक्षक रामगोपाल जाट की संयुक्त टीम ने 2 साल पुराने उनवान श्रीराम यादव बनाम कजोड़ जाट वगैरह में न्यायालय उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251ए में पारित निर्णय की पालना में मौके पर जाकर 12 फीट चौड़े रास्ते को सीमा ज्ञान बाद चिह्नित कर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कर खुलवा दिया। दो साल पुराने रास्ते के प्रकरण का समाधान होने पर खातेदारों द्वारा तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान
# पंचायतों में पम्पलेट वितरित



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अभय कुमार के निर्देशन में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत राज्यभर की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण जागरूकता पम्पलेट्स का वितरण किया जा रहा है। जल संसाधन खंड, सवाई माधोपुर द्वारा इस नवाचार को जिले में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग, सवाई माधोपुर के तत्वावधान में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरुवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पम्पलेट वितरण किए गए। पम्पलेट्स में सरल भाषा में जल की महत्ता, संरक्षण के उपाय, परंपरागत स्रोतों की पुनर्स्थापना, आधुनिक तकनीकों के समावेश और जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

**बनियावाला बांध पर पर आज होगा जलपूजन व श्रमदान :** अरुण शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत गंगापुर सिटी के बनियावाला बांध पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर द्वारा जल पूजन, जल शपथ एवं श्रमदान का आयोजन जल संसाधन उपखण्ड गंगापुरसिटी कराया जाएगा।

### स्थानीय पत्रकारों के साथ सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की राउन्ड टेबल कार्यशाला
## जल संसाधन, जलग्रहण विकास एवं वन विभाग की गतिविधियों पर चर्चा

**सवाई माधोपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में 5 से 20 जून तक चल रहे 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत गुरुवार को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ जिला परिषद सभागार में मीडिया राउंड टेबल कार्यशाला का आयोजन हुआ।कार्यषाला में राज्य सरकार के जल संसाधन, जलग्रहण विकास एवं मृदा संरक्षण तथा वन विभागों के अधिकारियों ने जल संरक्षण के लिए राज्य में किए जा रहे कार्यो और वर्तमान अभियान पर चर्चा की। कार्यशाला को मुख्य रूप से जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय माथुर, जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अरुण शर्मा, सहायक वन संरक्षक मनीषा शर्मा ने सम्बोधित किया। संजय माथुर ने अभियान की गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिले में अब तक 6 हजार से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से करीब 2 लाख लोगों को जोड़ा जा चुका है।

इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले में भू-जल स्तर, बांधों और तालाबों में जल स्तर की स्थिति, भविष्य की योजनाओं तथा बरसात प्रारंभ होने के साथ शुरू हो रहे हरियालो राजस्थान अभियान के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान विशेष रूप से परंपरागत जल स्रोतों (जैसे टांके, कुएं, बावड़ियां, तालाब आदि) के पुनरुद्धार और आधुनिक तकनीकों (जैसे रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग, मैजिक पिट, फार्म पॉन्ड, रिचार्ज शाफ्ट) के प्रयोग पर बल दिया।

राउन्ड टेबल कार्यशाला में बताया कि जिले में वंदे गंगा अभियान के तहत पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण और पुनरुद्धार किया जा रहा है।

### शिक्षा नगरी सीकर को नशा मुक्त नगरी बनाने की ऐतिहासिक पहल
## नगर परिषद सीकर को राज्य स्तरीय सम्मान

महानगर संवाददाता




**सीकर।** शिक्षा नगरी के रूप में पहचाने जाने वाले सीकर शहर को अब नशा मुक्त नगरी के रूप में भी पहचान स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर परिषद सीकर द्वारा शहर में तम्बाकू उत्पादों की अनियंत्रित बिक्री को रोकने एवं जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए तम्बाकू विक्रेता लाइसेंसिंग प्रणाली प्रभावी रूप से लागू की गई है। इस उल्लेखनीय प्रयास के लिए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा नगर परिषद सीकर टीम को नगर परिषदों की कैटेगिरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया।

नगर परिषद आयुक्त शशिकान्त शर्मा के नेतृत्व में युवा पीढ़ी को नशे की प्रथम सीढ़ी मिठ्ठी सुपारी, गुटखा, पान मसाला सहित अन्य तम्बाकू उत्पादों से दूर रखने के लिए तम्बाकू वेंडर लाइसेंसिंग प्रणाली को जमीनी स्तर पर लागू किया गया, जिसके तहत अब सीकर में तम्बाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इस लाइसेंसिंग प्रणाली के तहत अब तक लगभग 400 से अधिक तम्बाकू विक्रेताओं का पंजीकरण एवं सत्यापन कर उन्हें अधिकृत लाइसेंस जारी किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, सार्वजनिक स्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाना तथा स्वस्थ समाज की नींव रखना है। नगर परिषद द्वारा निरंतर जनजागरूकता अभियान तथा दुकानदारों को नियमों की जानकारी देकर अभियान को सफल बनाया गया। राज्य स्तर पर सीकर की इस पहल को उत्कृष्ट नगरीय स्वास्थ्य नवाचार के रूप में मान्यता मिली है। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस अवसर पर कहा कि सीकर का यह मॉडल पूरे राजस्थान के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मंत्री ने कहा कि सीकर की टीम ने जो तीन नवाचार किए हैं, जिसमें ऑटो टीपर से तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी देना, तम्बाकू विक्रेता के पास डस्टबिन रखना व दो क्षेत्र पिपराली रोड व नवलगढ़ रोड पर तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण पाबन्दी सराहनीय कदम है। खर्रा ने कहा कि इस तरह के नवाचार अन्य स्थानीय निकायों में भी प्रारम्भ किए जाएंगे। इस राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन डीडीआर, जयपुर व एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

### न्योराणा में रात्रि चौपाल
## एडीएम शाख ने सुनी जन समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**पाटन।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) नीमकाथाना भागीरथ शाख एवं उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने पाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत न्योराणा में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जलदाय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, राजस्व, कृषि, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने-अपने विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल के दौरान शिक्षा, पेयजल, विद्युत, सड़क, अतिक्रमण, सामाजिक न्याय, पंचायती राज, रसद, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों से संबंधित कुल 40 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए। एडीएम ने सभी प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## लैब टेक्नीशियन संविदा कार्मिकों की कार्यकाल बढ़ाने की मांग

**नीमकाथाना।** मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत कार्यरत लैब टेक्नीशियनों का कार्यकाल 31 मार्च 2023 को समाप्त हो गया है। हर साल की तरह मार्च में इस योजना को एक वर्ष के लिए बढ़ाने के आदेश जारी होते थे, लेकिन इस बार तीन महीने बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इसके कारण हजारों लैब टेक्नीशियन कर्मचारियों को अस्पतालों से सेवामुक्त कर दिया गया है। इसको लेकर लैब टेक्नीशियन में लगे युवाओं ने बीसीएमओ भूपेंद्र सिंह शेखावत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस स्थिति से न केवल कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, बल्कि मरीजों को मिलने वाली निशुल्क जांच सुविधाएं भी बाधित हुई हैं। कर्मचारियों ने बीसीएमएचओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि योजना को जल्द से जल्द एक्सटेंड किया जाए, ताकि मरीजों को निशुल्क जांच की सुविधा मिलती रहे और कर्मचारियों को रोजगार भी मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान वीरेंद्र सिंह, अमित कुमावत, रूपा देवी, रुषु सैनी व विक्रम गुर्जर मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ (सियाराम) आगामी दिनों में करेगा आंदोलन: प्रमुख पदाधिकारियों की प्रदेश स्तरीय बैठक में किया निर्णय
# शिक्षक स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग

महानगर संवाददाता



**नाथद्वारा।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक मंडल व स्थाई समिति के सदस्यों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री व कोषाध्यक्ष की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक व संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर नाथद्वारा के सेंट मीरा कॉलेज में मुख्य संरक्षक व प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा के सान्निध्य व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व शिविर आयोजक लाखन सिंह चौधरी व निदेशक हरिओम चौधरी ने प्रदेश पदाधिकारियों को उपन्ना पहनाकर स्वागत किया।

संगठन के महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता एवं उप प्राचार्य से प्राचार्य पद पर बड़े पैमाने पर डीपीसी करने पर शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए पिछले सत्रों की रिव्यू डीपीसी कर आगामी बकाया सत्रों की नियमित डीपीसी शीघ्र ही करने की मांग की है। वर्तमान सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी पारदर्शी व स्थाई शिक्षक स्थानांतरण नीति जारी नहीं करने पर पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति गहरा रोष भी व्यक्त किया।

संगठन के मुख्य महामंत्री व प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक उम्मेद सिंह डूडी के अनुसार बैठक में निर्णय किया गया कि अगर सरकार द्वारा शीघ्र पारदर्शी व स्थाई स्थानांतरण नीति जारी कर तृतीय वेतन श्रृंखला सहित सभी केडर के शिक्षकों के स्थानांतरण से रोक हटाकर स्थानांतरण नहीं किए गए, तो संगठन स्थानांतरण सहित मांग पत्र को लेकर 15 जुलाई से प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा।

बैठक में अतिरिक्त विषय के साथ स्नातक करने वाले तृतीय वेतन श्रृंखला अध्यापकों को वरिष्ठ अध्यापक पद की पदोन्नति के लिए पात्र मानते हुए बकाया वर्षों की डीपीसी करने, नव क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में व्याख्याता के पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने, प्रबोधक व शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी राज्य सरकार से की गई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश निर्वाचन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा अलवर, ललित आर पाटीदार प्रदेश सभाध्यक्ष, संरक्षक श्याम सिंह जगीना, रणवीर सिंह गोदारा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल मीणा, प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, महिला अध्यक्ष मीना मंसुरिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## विधायक रामावतार बैरवा ने विधिक पैनल को सौंपा नियुक्ति पत्र

महानगर संवाददाता



**चाकसू।** राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका चाकसू के नए विधि सलाहकार के रूप में एडवोकेट प्रेमप्रकाश शर्मा सहित एक अन्य की नियुक्ति पर कस्बे के गोपीनाथ मंदिर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामावतार बैरवा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसटी मोर्चा के अध्यक्ष एवं भारत संकल्प अभियान के ग्रामीण देहात प्रभारी नारायण मीणा मंचासीन रहे। अध्यक्षता पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने की। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा सैनी आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक बैरवा ने कहा कि अधिवक्ता राजनीतिक दबावों से परे रहकर ईमानदारी से अपने दायित्व निभाएंगे। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मोदी सरकार के 11 वर्षों के सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला। अंत में विधायक बैरवा ने अधिवक्ताओं को विधिक पैनल का नियुक्ति पत्र सौंपकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं। इस दौरान नन्दकिशोर शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, श्रवण गुर्जर, दी बार एससोसिएन चाकसू अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, पूर्व नगर पालिका विधि सलाहकार सुनील शर्मा सहित अन्य आमजन मौजूद रहे।

## विधायक रामबिलास मीणा के भाई के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** लालसोट विधायक रामबिलास मीणा के चचेरे भाई शिवचरण मीणा के जन्मदिन पर डूंगरपुर में वंदे गंगा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण जन अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजस्थान ला कॉलेज शिवचरण मीणा के जन्म दिवस पर डूंगरपुर में विधायक आवास पर शिव मंदिर परिसर में फलदार पौधा लगाकर वंदे गंगा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में सहभागिता की गई। भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर समूचे देश और प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण जन अभियान का पिछले एक सप्ताह से चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान राहुवास भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह झूपडिया, छात्रनेता रत्तीराम राहुवास, प्रेमसुख डीलर, विनय शर्मा, अमित नयागांव, महेश टोरड़ा, कोलीवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि नन्दलाल शर्मा, सीताराम मानपुरा, विष्णु कुईवाला आदि लोग मौजूद रहे।

### लड्डू विक्रेताओं की दुकानों व गोदामों पर छापा
## फफूंद लगे 260 किलो लड्डू कराए नष्ट

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा दल की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा दल के सदस्यों खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम द्वारा रणथंभौर दुर्ग स्थित गणेश मंदिर परिसर में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। मंदिर परिसर स्थित लड्डुओं की दुकानों व गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया कि लड्डू विक्रेताओं के यहां फफूंद लगे व पुराने लड्डू रखे थे, जो गणेश मार्ग बंद होने स पूर्व बनाए गए थे, जिन्हें आमजन को प्रसाद आदि विक्रय किए जा रहे लड्डू में मिक्स करने की आशंका थी। इस पर विभिन्न गोदामों को खुलवा कर वहां कई ट्रे व ड्रमों में रखे फफूंद लगे लगभग 260 किलोग्राम लड्डुओं को गड्ढा खुदवा कर मौके पर ही नष्ट करवाया गया।



## शेखावाटी विश्वविद्यालय में योग दिवस पर निकाली जाएगी जागरूकता रैली

महानगर संवाददाता

**सीकर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जागरूकता रैली, योगाभ्यास आदि कार्यक्रम होंगे। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। आयोजन की शुरुआत सुबह 7 बजे जागरूकता रैली से होगी, जो विश्वविद्यालय परिसर से शहीद स्मारक, कटराथल तक जाएगी। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7.30 बजे कुलगुरु प्रो. राय के उद्बोधन से होगा। इसके बाद 7.40 से 8.40 बजे तक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, संकाय सदस्य एवं कर्मचारी सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। योगाभ्यास का संचालन ईश्वर सृष्टि योग एवं नेचुरोपैथी सेंटर, दीनारपुरा के डॉ. आयुष शर्मा और विवि के योग विभाग की डॉ. मनेश कंवर करेंगी।



# 18 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

## 5 मैचों की टेस्ट सीरीज आज से

**रोहित-कोहली के बगैर उतरेगा भारत**

**शुभमन गिल के हाथों में होगी कमान**

**इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे अनुभवी स्टॉक्स**

विशेष संवाददाता

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू होने जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले में भारतीय समयानुसार, दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इसके साथ ही भारत अपने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के अभियान का आगाज भी करेगा। एक दशक से ज्यादा समय के बाद पहली बार टीम इंडिया रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी में कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। इस बार टीम इंडिया की कमान 25 वर्षीय युवा कप्तान शुभमन गिल के हाथों में होगी, जिनके सामने इंग्लैंड के 34 वर्षीय अनुभवी कप्तान बेन स्टोक्स होंगे।

**आखिरी बार राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीती थी सीरीज:** भारतीय टीम इंग्लैंड की सरजमीं पर 18 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। टीम इंडिया ने आखिरी बार 2007 में टेस्ट सीरीज 1-0 जीती थी। उस दौरान टीम की कमान राहुल द्रविड़ के हाथ में थी। उसके बाद भारतीय टीम टेस्ट सीरीज जीतने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उम्मीद है कि भारत इस बार जीत के सूखे को खत्म करने में सफल होगा।






### भारत बनाम इंग्लैंड हेड टू हेड टेस्ट रिकॉर्ड

भारत और इंग्लैंड के हेड टू हेड टेस्ट रिकॉर्ड की बात करें तो इन दोनों टीमों का टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक 136 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें से इंग्लैंड की टीम ने 51 मौकों विजय हासिल की है। वहीं, भारतीय टीम ने 35 बार जीत का स्वाद चखा है, जबकि दोनों के बीच खेले गए 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। इस तरह इंग्लैंड का पलड़ा अभी तक भारी रहा है।

### इंग्लैंड में 9 ही मैच जीत सका है भारत

अब भारतीय टीम इंग्लैंड की सरजमीं पर टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है तो भारत के इंग्लैंड में आंकड़ों पर भी नजर डालते हैं। भारत ने इंग्लैंड में अब तक कुल 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से इंग्लैंड ने 36 मैचों में जीत दर्ज की है, तो भारत को सिर्फ 9 जीत नसीब हो सकी है, जबकि 22 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। इस तरह इंग्लैंड की टीम अपनी धरती पर काफी मजबूत रही है।

### लीड्स टेस्ट के सेशन की टाइमिंग

**पहला सेशन** - 3.30 पीएम से 5.30 पीएम तक

**लंच ब्रेक** (5.30 पीएम से 6.10 पीएम)

**दूसरा सेशन** - 6.10 पीएम से 8.10 पीएम तक

**टी ब्रेक** (8.10 पीएम से 8.30 पीएम)

**तीसरा सेशन** - 8.30 पीएम से 10.30 पीएम तक

### भारत का स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उप-कप्तान), करुण नायर, नितीश कुमार रेड्डी, अभिमन्यु ईश्वरन, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा।

### इंग्लैंड की टीम इलेवन

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, जोश टंग, ब्रायडन कार्स, शोएब बशीर।

## 'सेना' देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से बड़ी बात: गिल

### स्टोक्स बोले- कोहली-रोहित और अश्विन के बिना भारत कमजोर नहीं

**लीड्स।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका यानि सेना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना उनके लिए आईपीएल खिताब से बड़ा है। 25 साल के गिल ने कहा, आईपीएल हर साल आता है, लेकिन इंग्लैंड जैसी जगह पर टेस्ट सीरीज खेलने का मौका कॅरियर में 2-3 बार ही मिलता है।

वहीं इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, 'भारत टीम विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर. अश्विन के रिटायरमेंट के बाद भी कमजोर नहीं हुई है। टीम के पास टैलेंट की कमी नहीं है। दोनों कप्तान 20 जून से लीड्स के हेंडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू हो रहे पहले टेस्ट की प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में मीडिया से रू-ब-रू हो रहे थे।

### क्या बोले भारतीय कप्तान गिल ...



**नई टीम, बिना बोझ के मैदान में उतरेगी**

गिल ने कहा कि उनकी टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर.अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। हमारे खिलाड़ियों के पास यहां (इंग्लैंड में) खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है। ऐसे में हमारे खिलाड़ी कोई पुराना बोझ लेकर नहीं आ रहे हैं। पिछले 5-10 सालों में सीनियर खिलाड़ियों ने जो आत्मविश्वास दिया है, वही उनकी टीम अपनाएगी।

**कोहली के रिटायर के बाद नंबर 4 पर बल्लेबाजी करेंगे**

गिल ने बताया कि विराट कोहली के टेस्ट से रिटायर होने के बाद उन्होंने और कोच गौतम गंभीर ने तय किया कि वे नंबर 4 पर बल्लेबाजी करेंगे। हम दोनों इस बात को लेकर साफ थे कि मैं नंबर 4 पर खेलना चाहता हूं और वही उन्होंने भी चाहा।

**खिलाड़ियों को मिलेगा भरोसा और लंबा मौका**

गिल ने कहा कि उनका लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाना है, जिससे वे खुलकर खेल सकें। हमें खिलाड़ियों को भरोसा देना है और बताना है कि हम उनसे क्या चाहते हैं। कुछ खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा के आधार पर लंबे मौके भी मिलेंगे।

**कोहली और रोहित से ली सलाह**

गिल ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले आईपीएल में विराट कोहली और रोहित शर्मा से बात की थी और यहां की परिस्थितियों के बारे में सलाह ली थी। उन्होंने बताया कि इस बार इंग्लैंड में गर्मी थोड़ी सूखी रही है, इसलिए पिच देखकर ही आखिरी समय पर प्लेइंग इलेवन का फैसला किया जाएगा।

### क्या बोले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स



- रोहित-कोहली और अश्विन के रिटायरमेंट पर स्टोक्स ने कहा, विराट, रोहित और अश्विन नहीं है, इसका यह मतलब नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। हमें पता है कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है।
- बुमराह की गेंदबाजी पर स्टोक्स ने कहा, 'इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए जसप्रीत बुमराह का सामना करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन उनकी टीम एक खिलाड़ी पर ही फोकस नहीं करेगी।
- बेथेल की जगह पोप के चयन पर स्टोक्स बोले, ऐसे किसी खिलाड़ी को चुनना कठिन नहीं होता, जिसने आखिरी पारी में 170 रन बनाए हों।

## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता पहले दिन मानेन्द्र सिंह का शतक व राज शर्मा की अर्धशतकीय पारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन के लिए आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के जयपुर में गुरुवार से 3 दिवसीय सेमीफाइनल मैच शुरू हुए।

### पहले दिन का स्कोर

**केएल सैनी स्टेडियम-श्रीगंगानगर-अजमेर**

**श्रीगंगानगर पहली पारीः 82/5 (27.4 ओवर)**

बारिश के कारण पहले दिन का खेल रोका गया। टीम के लिए सुमित गोदारा नाबाद 31, शिवा चौहान 18, अर्जित गुप्ता 12 व शोभित मिश्रा 10 रन बनाकर नाबाद रहे। अजमेर के गेंदबाज साहिल दिवान ने 21/4 व चिराग ने 25 रन देकर 1 विकेट लिया।

**जयपुरिया ग्राउंडः जयपुर-कोटा**

**जयपुर पहली पारीः 250/7 (90 ओवर)**






कप्तान मानेन्द्र सिंह के शानदार शतक के सहायता से जयपुर ने पहले दिन 7 विकेट के नुकसान पर 250 रन बनाए। टीम के लिए मानेन्द्र सिंह 110, राज शर्मा 66, करण लाम्बा 25 व अभिजीत तोमर ने 25 रन बनाए। कोटा के गेंदबाज सचिन मालव 55/3 पायलट सिंह 64/3 व दिव्य प्रताप ने 19 रन देकर 1 विकेट लिया।

## 19 साल की दिव्या देशमुख का बड़ा उलटफेर

# ब्लिट्ज सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 होउ यिफान को हराया

### प्रधानमंत्री मोदी व खेल मंत्री मांडविया ने दी बधाई

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारत की युवा शतरंज सनसनी दिव्या देशमुख ने लंदन में आयोजित फिडे विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को ब्लिट्ज सेमीफाइनल में पराजित कर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक जीत पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया समेत पूरे देश से बधाइयां मिल रही हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 'लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

दिव्या देशमुख ने पीएम मोदी के ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा, 'धन्यवाद, प्रधानमंत्री का मुझे सम्मानित करना, मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।' केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पर उनकी शानदार जीत की सराहना की है।

'हेक्सामाइंड शतरंज क्लब' का प्रतिनिधित्व करते हुए दिव्या ने 74 चालों के रोमांचक मुकाबले में यिफान को शिकस्त दी है। ब्लिट्ज फॉर्मेट में दिव्या ने आठ में से छह गेम जीत, एक ड्रॉ और सिर्फ एक हार दर्ज की, जिससे उनकी एलीट परफॉर्मेंस रेटिंग 2606 रही। उन्होंने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में दबदबा बनाया, जिससे उनकी टीम ने दोनों राउंड में उज्बेकिस्तान को 3.5-2.5 से हराकर टीम कांस्य पदक जीता। रैपिड फॉर्मेट में दिव्या को पांच जीत, छह ड्रॉ और सिर्फ एक हार मिली। उन्होंने बोर्ड 6 पर 2420 की प्रदर्शन रेटिंग के साथ टीम रजत और एक व्यक्तिगत कांस्य पदक हासिल किया।

## प्रदेश समाचार

# 20 सैम्पल जांच में पाए गए अमानक व अनसैफ

### चिकित्सा विभाग की ओर से न्यायालय में पेश किया जाएगा परिवाद

महानगर संवाददाता

**सीकर।** शुद्ध आहार मिलावट पर अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। मिलावटखोरों पर लगाम कसने के लिए विभाग की ओर से जनवरी 2025 से 18 जून तक 413 विभिन्न खाद्य वस्तुओं के सैम्पल लिए गए।

इसलिए आप, ऋणी के रूप में क्रमांक 1(ए) और सह-आवेदक/गारंटर के रूप में क्रमांक 1(बी) से वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अनुसार, आपके द्वारा निष्पादित ऋण दस्तावेजों की शर्तों और नियमों के अनुसार संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क के साथ 15,95,209.07 रुपये (पंद्रह लाख पिच्यान्वे हजार दो सौ नौ व सात पैसे मात्र) की राशि का भुगतान करने और इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने का आह्वान किया जाता है, ऐसा न करने पर, हम उक्त अधिनियम के तहत दिए गए किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करके उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए बाध्य होंगे। अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, इस नोटिस की प्राप्ति पर आपको बैंक की सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूतियों का निपटान या उनसे निपटने से रोका/रोका जाता है।

आपका ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफैसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (आशुतोष शर्मा)

## चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

### ई-निविदा सूचना

**खुली निविदा सूचना क्रमांक : टीईएलई-डीकेएई-25-26, दिनांक 11.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/ अनुरक्षण/सीएलडब्ल्यू/ चित्तरंजन, भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (**www.ireps.gov.in**) पर निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को कार्य हेतु निर्दिष्ट तिथि को 15:00 बजे तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकता है। निविदाएं उसी दिन (खुलने की तिथि) 15:00 बजे के तुरंत बाद खोली जाएंगी। **क्रम संख्याः [1]। निविदा संख्याः टीईएलई-डीकेएई-25-26। कार्य का विवरणः** ईएलएयू/डीकेएई के नए शेड में रेल नेटवर्क और सीसीटीवी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण। **निविदा बंद होने/खुलने की तिथिः** 03.07.2025। **अनुमानित मूल्य (रुपये में):** ₹ 1,387,553.93। **बयाना जमा/बोली सुरक्षा (रुपये में):** ₹ 27,800.00। **पूर्णता अवधिः** 3 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा दस्तावेज का मूल्यः** आईआरईपीएस पोर्टल से डाउनलोड करने पर निःशुल्क तथा उप मुख्य विद्युत अभियंता/अनुरक्षण से प्राप्त करने पर 10,000.00। **नोटः (1)** बोलीदाता को सभी आवश्यक योग्यता दस्तावेज और पैन/जीएसटीआइएन की स्कैन की हुई प्रतियां आईआरईपीएस पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। **(2)** ई-निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता के पास क्लास-I डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) होना चाहिए। **(3)** कार्य जीएसटी, बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू (भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण), आयकर और विनियमों के अनुसार अन्य वैधानिक करों सहित लागू करों के अधीन होगा। निविदा दस्तावेज और निविदा सूचना पर विस्तृत जानकारी के लिए, रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

**PR1/089 उप सीईई (एम)/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन**

**Like us on : www.facebook.com/clwrailways**

## आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः जविप्रा/ उपा./ जोन-07/2025/डी- दिनांकः

आवेदिका द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 203048 दिनांक 29.01.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखण्ड /दुकान संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स. सं./निजी खातेदारी /जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा, जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री अखिल भण्डारी पुत्र श्री यू.एस. भण्डारी पुत्र श्री ए.आर. भण्डारी | मिठूलाल पुत्र श्री गुलाबचन्द | डी-9/74 | 198 व.मी. | जविप्रा | चित्रकूट योजना | फ्री होल्ड पट्टा | भूखण्ड का मूल आवटन पत्र गुम होने से |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। **उपायुक्त जोन-07, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

## कार्यालय-उपायुक्त, सांगानेर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(सांगानेर स्टेडियम वाली रोड़, गर्ल्स स्कूल के पास)

क्रमांकः एफ-53/डी.सी./ एसएनजेड/ननिग्रेज/2025-26/4333 दिनांकः 16.06.25

### सार्वजनिक सूचना/ विज्ञप्तिः

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री मंजू जैन पुत्री स्व. श्री कपूर चन्द जैन द्वारा 15-ए, सरस्वती कॉलोनी, सांगानेर जिला जयपुर का नाम हस्तान्तरण चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड का स्थल | वार्ड नं. | अनुमानित क्षेत्रफल (वर्गगज) | योजना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री मंजू जैन पुत्री स्व. श्री कपूर चन्द जैन | 15-ए, सरस्वती कॉलोनी, सांगानेर जिला जयपुर | 90 | 266.65 (वर्गगज) | नाम हस्तान्तरण |

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नाम हस्तान्तरण किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/ व्यक्ति/ हितधारक को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा आवेदिका के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

(डॉ. रवि कुमार गोयल) आर.ए.एस., उपायुक्तः सांगानेर जोन, नगर निगम जयपुर ग्रेटर



# पूरा भिखारी बना पाकिस्तान, पाई-पाई के लिए हर जगह फैला रहा हाथ

## अब दुबई जाकर पांच बैंकों से मांगे एक अरब डॉलर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की खस्ताहाल हालत अब किसी से छुपी नहीं है। उसके खाली हो चुके खजाने के बाद अब सामान्य खर्चे भी पूरा करना मुश्किल हो रहा है। अपने खर्चे पूरे करने के लिए वह कभी आईएमएफ से भीख मांग रहा तो कभी विश्व बैंक या एशियाई विकास बैंक से पैसे मांगता है। इस कड़ी में पाकिस्तान पैसे मांगने दुबई भी जा पहुंचा, जहां 5 बैंकों ने मिलकर उसे 1 अरब डॉलर यानी करीब 8.6 हजार करोड़ रुपए का कर्ज दिया है।

पाकिस्तान ने एक अरब डॉलर का यह कर्ज पांच वर्षीय 'सिंडिकेटेड टर्म फाइनेंस' के जरिए लिए हैं और इस पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश में जारी आर्थिक संकट के बीच प्रमुख वित्तपोषकों से मजबूत समर्थन का संकेत है। 'सिंडिकेटेड टर्म फाइनेंस' एक प्रकार का ऋण है, जिसमें दो या दो से अधिक बैंक या वित्तीय संस्थान मिलकर एक ही उधारकर्ता (व्यक्ति, कंपनी या सरकार) को यह लोन देते हैं।




### इन बैंकों ने दिया है उधार

पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार दुबई इस्लामिक बैंक ने एकमात्र इस्लामिक वैश्विक समन्वयक के रूप में काम किया, जबकि स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक इसके प्रमुख प्रबंधक रहे। अन्य वित्तपोषकों में अबू धाबी इस्लामिक बैंक, शारजाह इस्लामिक बैंक, अजमान बैंक व एचबीएल शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर एक अरब डॉलर का लोन दिया है।

### पांच साल में लौटाना होगा पैसा

वित्त मंत्रालय ने एशियाई विकास बैंक कार्यक्रम 'उन्नत संसाधन संग्रहण व उपयोग सुधार' की नीति-आधारित गारंटी द्वारा आंशिक रूप से गारंटीकृत 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर की 'सिंडिकेटेड टर्म फाइनेंस' सुविधा पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने करीब ढाई वर्ष के बाद पश्चिम एशिया वित्तीय बाजार में सफलता पूर्वक प्रवेश किया, जो राजकोषीय स्थिरता में बाजार के नए भरोसे और पाकिस्तान के व्यापक आर्थिक संकेतकों में समग्र सुधार का संकेत देता है। यह लेन-देन पश्चिम एशिया के बैंकों के साथ पाकिस्तान सरकार की नई साझेदारी की शुरुआत का भी प्रतीक है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान को एडीबी समर्थित गारंटी और पश्चिम एशिया के बैंकों के मजबूत समर्थन से एक अरब अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक वित्तपोषण प्राप्त हुआ है।

### दिवालिया होने की कगार पर पाक

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मदद से 2023-24 में पाक दिवाला होने से बाल-बाल बच गया था। इसके बाद पिछले साल इसने अच्छे नतीजों के साथ अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए काम किया। चालू वित्तवर्ष के पहले 11 महीनों में इसने 1.8 अरब डॉलर का चालू खाता अधिशेष दर्ज किया, जिसने इसे ऋणदाताओं का विश्वास हासिल करने में मदद की।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का भारत में मेगा आईपीओ लाने का प्लान

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक एक बार फिर से अपनी भारतीय यूनिट को शेयर बाजार में लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार कंपनी सितंबर से पहले अपनी प्रारंभिक दस्तावेज को ताजा वित्तीय आंकड़ों के साथ दोबारा फाइल कर सकती है और आईपीओ की संभावित लॉन्चिंग चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में की जा सकती है।

इससे पहले अप्रेल 2024 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस आईपीओ प्लान को मार्केट में अस्थिरता के कारण अस्थायी रूप से रोक दिया था। उस वक्त कंपनी ने कहा था कि वे बाजार की स्थिति को देखते हुए आगे का निर्णय लेंगी। अब जब भारतीय शेयर बाजार ने मार्च के निचले स्तर से 12 फीसदी की रिकवरी कर ली है, तो आईपीओ बाजार में भी नई ऊर्जा देखी जा रही है।

**14 हजार करोड़ का हो सकता है मेगा आईपीओ:** सूत्रों का कहना है कि यह आईपीओ भारत के सबसे बड़े पब्लिक ऑफर में से एक हो सकता है। कंपनी की योजना इस इश्यू के जरिए 1.7 बिलियन यानी लगभग 14,000 करोड़ रुपए तक जुटाने की थी, लेकिन पहले निवेशकों ने कंपनी के वैल्यूएशन को लेकर आपत्ति जताई थी। अब उम्मीद की जा रही है कि अपडेटेड वित्तीय प्रदर्शन के साथ कंपनी बेहतर रिस्पांस पा सकती है।




**भारत में तीसरा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, 600 मिलियन डॉलर का निवेश:** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया हाल ही में यह भी घोषणा कर चुकी है कि वह आंध्र प्रदेश में 5,000 करोड़ रुपए लगभग 600 मिलियन का निवेश कर अपनी तीसरी फैक्ट्री लगाएगी। यह रणनीति न सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी बढ़ाने की दिशा में है, बल्कि मेक इन इंडिया अभियान को भी बढ़ावा देगी।

**आईपीओ की स्थिति और बाजार ट्रेंड:** 2024 की पहली तिमाही में बाजार में ठहराव के बाद अब आईपीओ बाजार फिर से गति पकड़ रहा है। हालांकि फिलहाल ज्यादातर डील्स ब्लॉक ट्रेड्स और फॉलो-ऑन ऑफर्स तक सीमित हैं, लेकिन बैंकर्स का मानना है कि साल की दूसरी छमाही में कई बिलियन-डॉलर वाले बड़े आईपीओ देखने को मिल सकते हैं, जिनमें अब स्त्र भी शामिल हो सकता है।

**कंपनी की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं:** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफ से इस संभावित आईपीओ पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। हालांकि, उद्योग के जानकारों का मानना है कि अगर बाजार की वर्तमान स्थिरता बनी रहती है तो यह आईपीओ चौथी तिमाही में लॉन्च हो सकता है।

### कंपनी के इतिहास में कर्मचारियों की अब तक की सबसे बड़ी कटौती

## बड़ी छंटनी की तैयारी में इंटेल, दस हजार से ज्यादा की जाएगी नौकरी




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनिया की अग्रणी चिप निर्माता कंपनियों में शुमार इंटेल जुलाई 2025 से अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में 15 से 20 फीसदी कर्मचारियों की कटौती करने जा रही है। इस फैसले से 10 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की नौकरियां जा सकती हैं। यह छंटनी कंपनी के इतिहास की सबसे बड़ी में से एक मानी जा रही है।

**फैक्ट्री और रिसर्च डिविजन सबसे अधिक प्रभावित:** कंपनी की फाउंड्री डिविजन, जिसमें 15 फैब प्लांट शामिल हैं, जो इस छंटनी का सबसे बड़ा शिकार बनेगी। प्रभावित कर्मचारियों में फैक्ट्री टेक्नीशियन से लेकर चिप डिजाइनिंग में लगे रिसर्चर्स तक शामिल हैं। यानी यह छंटनी जमीनी और उच्च तकनीकी दोनों स्तरों पर की जा रही है।

**ना कोई बायआउट, ना स्वैच्छिक रिटायरमेंट:** इस बार इंटेल किसी कर्मचारी को बायआउट या स्वैच्छिक रिटायरमेंट स्कीम (वीआरएस) का विकल्प नहीं देगा। जिनकी परफॉर्मेंस कमजोर रही है या जिनकी भूमिका अब मशीनीकरण के चलते अप्रासंगिक हो चुकी है, उन्हें ही निकाला जाएगा।

### माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारियों पर भी छंटनी का संकट, हजारों की जा सकती है नौकरी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारियों पर भी छंटनी का खतरा मंडराने लगा है। दिग्गज टेक कंपनी अपने हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। कर्मचारियों की कटौती खासकर बिक्री विभाग में की जाएगी। ब्लूमबर्ग न्यूज ने मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है, क्योंकि कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में ज्यादा निवेश कर रही है और अपने कर्मचारियों की टीम को छोटा और असरदार बनाना चाहती है। इससे पहले मई में भी माइक्रोसॉफ्ट ने लगभग 6 हजार कर्मचारियों की छंटनी की थी।

### कंपनी ने एआई में बढ़ाया निवेश

तकनीकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने एआई में अपने निवेश को बढ़ा दिया है, जिसका उद्देश्य अपने नेतृत्व को मजबूत करना है, क्योंकि विभिन्न उद्योगों की कंपनियां प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं में एआई को तेजी से शामिल कर रही हैं।

### 80 बिलियन डॉलर के खर्च की बनाई योजना

अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने कहा था कि आने वाले वर्षों में जनरेटिव एआई और नई तकनीकों की वजह से कंपनी के कर्मचारियों की संख्या कम हो सकती है। माइक्रोसॉफ्ट ने इस वित्तीय वर्ष में करीब 80 बिलियन डॉलर के खर्च की योजना बनाई है, जिसमें से ज्यादातर पैसा डेटा सेंटर्स बनाने में खर्च किया जाएगा, ताकि एआई सेवाएं बेहतर हो सकें।

**नए सीईओ की सख्त नीति:** सीईओ लिप-बू टैन ने कंपनी में बड़ा बदलाव लाने की शुरुआत कर दी है। उनका मानना है कि कम लोगों से ज्यादा असरदार काम लिया जा सकता है। अप्रेल 2025 में उन्होंने कंपनी भर में 20 फीसदी कटौती की घोषणा की थी और अब यह कार्य फाउंड्री डिविजन में अमल में आ रहा है।

### मंत्री श्रुति चौधरी ने किया बाल संरक्षण व एमआईएस प्रणाली पोर्टल लॉन्च

## 'अधिकारी शिशु व पर्यवेक्षण गृहों का करें नियमित दौरा'

महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिशुगृहों, पर्यवेक्षण गृहों व निरीक्षण गृहों का नियमित दौरा करें और उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा कर उन्हें रिपोर्ट सौंपे। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंत्री चौधरी गुरुवार को यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। चौधरी ने इस अवसर पर लाभार्थियों के विकास एवं संरक्षण के लिए दो प्रमुख पोर्टल भी लॉन्च किए, जिनमें बाल संरक्षण पोर्टल, प्ले स्कूल व क्रैंच के लिए एमआईएस प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। बैठक में मंत्री को अवगत कराया कि बाल संरक्षण पोर्टल मिशन वात्सल्य के तहत बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की निगरानी में मददगार होगा, इसमें पुलिस द्वारा एफआईआर पंजीकरण व जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई से लेकर प्रत्येक बच्चे के लिए पुनर्वास योजना तक मामले की निगरानी रखी जा सकेगी। मंत्री ने



अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्र प्रदेश में बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराएं। बैठक में जानकारी दी गई कि दूसरा पोर्टल प्ले स्कूल व क्रैच के लिए एमआईएस प्रणाली पर आधारित है। महिला एवं बाल विकास विभाग के पास प्रदेश में 4000 प्ले स्कूल हैं, जिनमें 50 हजार से अधिक बच्चे नामांकित हैं।

इसके अलावा 450 से अधिक शिशु गृहों में 7500 से अधिक बच्चे हैं। एमआईएस पोर्टल के माध्यम से एंड टू एंड प्रबंधन के साथ-साथ सभी सेवाओं की जानकारी मिलेगी, जिसमें शिक्षण प्रबंधन, हाजिरी प्रबंधन, विकास निगरानी व भोजन ट्रैकिंग भी शामिल है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सेंसेक्स 83 अंक फिसला, निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही, ये 24,793 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा सहित कुल 10 के शेयर्स 2.50 फीसदी तक गिरे। एमएंडएम, टाइटन और मारुति के शेयरों में 1.6 फीसदी तक की तेजी रही।

निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। एनएसई का पीएसयू बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.04 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा मीडिया में 1.91 फीसदी, रियल्टी में 1.60 फीसदी, मेटल में 1.29 फीसदी और आईटी में 0.94 फीसदी की गिरावट रही। अकेले ऑटो सेक्टर 0.52 फीसदी चढ़कर बंद हुआ।

**घरेलू निवेशकों ने 1,091 करोड़ के शेयर खरीदे:** विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 890.93 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 1,091.34 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 4,978.11 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 59,230.21 करोड़ की नेट खरीदारी है।

मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 499.60 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2.25 करोड़ फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे।

## देश में डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंतित वित्त मंत्री

### फिनटेक कंपनियों से की समाधान की अपील

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे मामलों में तकनीकी समाधान लाने की बात पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने फिनटेक स्टार्टअप्स से अपील की है कि वे देश में इस प्रकार से बढ़ते डिजिटल फ्रॉड के मामलों से निपटने के लिए तकनीकी समाधान लेकर आएं। यह बात वित्त मंत्री सीतारमण ने दिल्ली में आयोजित डिजिटल पेमेंट अवॉर्ड्स कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने फ्लाई-बाय-नाइट ऑपरेटर्स जो फर्जी कंपनियां बनाकर लोगों को ठगते हैं और डीपफेक टेक्नोलॉजी को भी बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें आम लोगों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही हैं।

सीतारमण ने आगे फिनटेक कंपनियों को लेकर कहा कि फिनटेक कंपनियों ने वित्तीय समावेशन को तेज किया है और देश के दूर-दराजा के क्षेत्रों तक डिजिटल भुगतान की सुविधा पहुंचाई है, लेकिन अब समय है कि ये कंपनियां नए साइबर खतरों से निपटने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने फिनटेक सेक्टर से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के



लिए डिजिटल ऋण सुविधाएं और ज्यादा बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत की फिनटेक तकनीकें वैश्विक मंच पर भी उपयोगी साबित हो सकती हैं और इससे भारतीय कंपनियों के लिए नए बाजार खुलेंगे। इसके साथ ही सीतारमण ने बताया कि अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई पेमेंट्स की स्वीकार्यता बढ़ रही है। भूटान, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, सिंगापुर, श्रीलंका और यूएई के चुनिंदा दुकानों पर यूपीआई से भुगतान संभव है। उन्होंने कहा कि हमारे फिनटेक मॉडल को दुनिया भर में अपनाया जा सकता है। सीतारमण ने आगे बताया कि भारतीय फिनटेक सेक्टर 2028-29 तक 400 अरब डॉलर के आंकड़े को छू सकता है और इसकी सालाना वृद्धि दर 30 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना से अब तक 44 लाख करोड़ सीधे लोगों के खातों में भेजे गए हैं।

## भारत के सबसे अमीर लोगों की 93 फीसदी संपत्ति शेयर बाजार से लिंक

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत के अमीरों की 93 फीसदी दौलत लिस्टेड कंपनियों यानी शेयर बाजार से जुड़ी हुई है। 360 वन वेल्थ की एक रिपोर्ट ने बड़ा खुलासा किया है। इस रिपोर्ट को रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के साथ मिलकर तैयार किया गया है और इसमें 2,013 वेल्थ क्रिएटर्स शामिल हैं, जिनकी कुल नेटवर्थ 100 लाख करोड़ से ज्यादा है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं आकाश और अनंत अंबानी, जिनकी व्यक्तिगत संपत्ति 3.59 लाख करोड़ है। वहीं महिलाओं की लिस्ट में टॉप पर हैं ईशा अंबानी। दिलचस्प बात ये है कि महिलाएं अब देश की कुल संपत्ति का 24 फीसदी हिस्सेदार हैं और फार्मा सेक्टर में उनकी भागीदारी 33 फीसदी तक पहुंच चुकी है।

भारत के सबसे ज्यादा अमीर लोग मुंबई में रहते हैं, यहां के 577 वेल्थ क्रिएटर्स देश की कुल संपत्ति का 40 फीसदी कंट्रोल करते हैं। दिल्ली 17 फीसदी और बेंगलुरु 8 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के टॉप बिजनेस हाउसेज, रिलायंस, अडानी व टाटा ग्रुप की प्रमोटर फैमिलीज मिलकर 36 लाख करोड़ की संपत्ति रखती हैं यानी कुल प्रमोटर वेल्थ का 24 फीसदी हिस्सा। सबसे ज्यादा औसत दौलत बैंकिंग सेक्टर में है। 8,500 करोड़ प्रति व्यक्ति, उसके बाद टेलीकॉम 8,400 करोड़ और एविएशन 7,900 करोड़ आते हैं। फार्मा, आईटी व फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर मिलकर 26 फीसदी संपत्ति का निर्माण कर रहे हैं। जो युवा उद्यमी आज 40 साल से कम उम्र के हैं, उनमें से ज्यादातर ने अपनी दौलत डिजिटल इकोनॉमी से बनाई है।

## सीएम नायब सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी के निधन पर जताया दुख

महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि विजय रूपाणी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक-दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है।

नायब सिंह ने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस घटनाक्रम में सभी मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से परिजनों को दुख सहन करने और दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

### सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति की जिलेवार समीक्षा

महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मंत्री श्रुति चौधरी ने बरसात की आमद के बाद जिलेवार बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी समीक्षा बैठक की।

उन्होंने हरियाणा राज्य सूखा राहत व बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा किया जाए, ताकि प्रदेश में मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। साथ ही कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से किसी भी शहर में जलभराव की स्थिति बनी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने, ड्रेन की सफाई व सीवरेज की सफाई कार्य की समीक्षा की। सिंचाई मंत्री ने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि व दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी जिलाधिकारियों से जिलावार रिपोर्ट लेते हुए कहा कि मानसून से पहले यह सभी कार्य पूरे हो जाने चाहिए। मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि अधिकारी कुशलता से काम करें और सुनिश्चित करें कि ये परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो। वहीं विभाग द्वारा जून के आखिर तक ड्रेन सफाई का कार्य पूरा किया जाना है, इसी से संबंधित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों से ली गई। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे आईएएस अधिकारी मोहम्मद शाईन, विभाग के ईआईसी राकेश चौहान, बीरेंद्र सिंह, एसएस कादियान समेत सभी उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

**लक्ष्य** अगले 12-15 महीनों में 8 हजार करोड़ रुपए तक का निवेश करेगी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स

## अंबानी की कोका-कोला और पेप्सी को टक्कर देने की तैयारी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स अपने बेवरेज ब्रांड्स पर बड़ा निवेश करने जा रही है। कंपनी अगले 12-15 महीनों में 8 हजार करोड़ रुपए तक का निवेश करेगी। यह निवेश कैम्पा और अन्य पेय पदार्थों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

रिलायंस कंज्यूमर इस निवेश के साथ बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। रिलायंस कंज्यूमर कोका-कोला और पेप्सी जैसी बड़ी कंपनियों को टक्कर देने के लिए तैयार है। साथ ही कंपनी का लक्ष्य देश भर में मौजूद छोटे व क्षेत्रीय ब्रांड्स को भी चुनौती देना है।




### बिहार में भी लगेगा प्लांट

फरवरी में रिलायंस ने गुवाहाटी में एक प्लांट शुरू किया था। यह प्लांट स्थानीय कंपनी जेरीचो फूड्स एंड ब्रेवरीज एलएलपी के साथ मिलकर शुरू किया गया है। इस प्लांट में सॉफ्ट ड्रिंक्स और पानी बनाया जाता है। यह प्लांट पूर्वोत्तर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करता है। कंपनी बिहार में भी एक और प्लांट लगाने जा रही है। अभी तक कैम्पा और अन्य पेय पदार्थ 18 प्लांट्स में बनाए जा रहे हैं। ये सभी प्लांट्स सह-निवेश के तहत बने हैं। इसका मतलब है कि इनमें रिलायंस के साथ-साथ दूसरी कंपनियों ने भी पैसा लगाया है।

जानकारी के मुताबिक कंपनी लगभग 10-12 नए कारखाने खोलने की योजना बना रही है। कुछ कारखाने कंपनी खुद बनाएगी और कुछ में दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी।

**अब तक का सबसे बड़ा निवेश:** एक अधिकारी ने बताया कि यह आरसीपीएल द्वारा किया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। आरसीपीएल ने 2022 में रिलायंस रिटेल वेंचर्स की सहायक कंपनी के रूप में काम करना शुरू किया था। अधिकारी ने यह भी बताया कि यह निवेश रिलायंस और उसके कुछ साझेदारों की ओर से मिलकर किया जा रहा है। कुल मिलाकर 6000 से 8000 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

### क्रिकेटर मुरलीधरन के साथ की साझेदारी

रिलायंस कंज्यूमर के बेवरेज पोर्टफोलियो में कई ब्रांड शामिल हैं। इनमें कैम्पा कोला, ऑरेंज और लेमन जैसे फ्लेवर हैं। इसके अलावा सोस्यो सॉफ्ट ड्रिंक्स, स्पिनर स्पोर्ट्स ड्रिंक, स्नैक्श जूस, फ्रूट-बेस्ड हाइड्रेशन ब्रांड रासकिक और इंडिपेंडेंस वाटर भी शामिल हैं। रिलायंस कंज्यूमर ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी में स्पिनर स्पोर्ट्स ड्रिंक को बनाया और बेचा जाएगा। यह ड्रिंक 250 एमएल की बोतल में 10 रुपए में मिलेगी। यह पेप्सिको के गाटोराडे और स्टिंग जैसे ब्रांड्स से काफी सस्ती है।

### कंपनी के पोर्टफोलियो में कई ब्रांड शामिल

रिलायंस कंज्यूमर कंपनी सिल जैम और स्प्रेड्स भी बनाती और बेचती है। इसके अलावा लोटस चोकोलेट, तोफीमेन, और रावलगोन जैसे कन्फेक्शनरी ब्रांड्स भी कंपनी के पोर्टफोलियो में शामिल हैं। एलन्स बगल्स स्नैक्स, वेलवेट शैम्पू और इंडिपेंडेंस स्टेपल्स जैसे ब्रांड्स भी कंपनी बनाती है। कंपनी के ज्यादातर 15 ब्रांड्स खरीदे हुए हैं। हालांकि, कंपनी के ब्रांड्स अभी कुछ ही बाजारों में उपलब्ध हैं। कंपनी चाहती है कि मार्च 2027 तक उसके सभी कंज्यूमर प्रोडक्ट्स पूरे देश में मिलने लगेंगे।

# दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण, पुलिस ने 2 घंटे में कराया मुक्त



## लेन-देन के चक्कर में साथियों ने ही दिया वारदात को अंजाम

महानगर संवाददाता

**आमेर।** चंदबाजी थाना इलाके के अचरोल कस्बे में दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण कर लिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्परता से कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे में अपहरणकर्ताओं से प्रॉपर्टी डीलर को मुक्त करा लिया।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से चंदवाजी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अचरोल निवासी राहुल यादव के चाचा गोपाल यादव को तीन-चार लोगों ने अचरोल बस स्टैंड से गाड़ी में डाल कर अपहरण कर लिया। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनिया व जमवारामगढ़ वृत्ताधिकारी प्रदीप यादव के सुपरविजन में चंदबाजी थाना अधिकारी हीरालाल सैनी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए अचरोल बस स्टैंड घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और जिस गाड़ी से अपहरण किया गया उसके संबंध में जानकारी जुटाई।

अपहरणकर्ताओं की लोकेशन जमवारामगढ़ आंधी रायसर क्षेत्र में होना पाया। इस पर पुलिस पीछा करते हुए दौसा रोड पर पहुंची, वहां एक संदिग्ध कार में कुछ लोग बैठे मिले, जिसमें अपहृत पीड़ित गोपाल यादव और तीन लोग मिले। पुलिस ने उनको डिटेन कर पूछताछ की तो सामने आया कि वे प्रॉपर्टी डीलर गोपाल यादव के ही पुराने साथी है, जो प्रॉपर्टी के लेनदेन के चक्कर में उसका अपहरण कर लिया। ये आरोपी पहले गोपाल यादव के साथ ही प्रॉपर्टी व ऑनलाइन सट्टा भी लगाते थे।

पुलिस ने आरोपी विक्की उर्फ विक्रम चौधरी पुत्र राधेश्याम निवासी नारदपूरा आमेर, नेत्रपाल सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी नांगलबानी अलवर हाल कुंडा आमेर व विपिन चौधरी पुत्र विजय सिंह चौधरी निवासी जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में यूज कार भी जब्त कर ली।

# रात को घर में घुसे युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले के रामसर थाना इलाके फोजाणियों की ढाणी में रात में घर में घुसे युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मर्डर करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक के शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक रात में महिला से मिलने पहुंचा था। इस पर महिला के रिश्तेदारों ने युवक की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार तामलियार फोजाणियों की ढाणी निवासी फोटाराम पुत्र मेहराराम वीरमाराम के घर जा रहा था। इस दौरान उसके परिवार के लोगों ने उसे देख लिया। वीरमाराम के भतीजे धनाराम व उसके भाई चेलाराम सहित अन्य लोगों ने फोटाराम को पकड़कर मारपीट कर दी। इससे वह गंभीर हालात में घायल हो गया। सूचना मिलने पर हम मौके पर पहुंचे। फोटाराम घायल हालात में वीरमाराम के घर के आगे मिला, उसे रामसर हॉस्पिटल लेकर गए। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल पर एफएसएल व एमओबी टीम को बुलाकर सबूत जुटाए है।

रामसर थाने के हैड कांस्टेबल खेताराम जाखड़ ने बताया कि गुरुवार को मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। परिजन मृतक के भाई का इंतजार कर रहे है। उसके आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार आरोपियों के ताऊ वीरमाराम की कुछ साल पहले डेथ हो गई थी। उसके घर में उसकी पत्नी और दो मासूम रहते थे। आरोपियों का घर उनसे 200 मीटर दूर ही है। मृतक फोटाराम शादीशुदा है। इसके दो लड़कों सहित 6 बच्चे है। वह मजदूरी का काम करता था।

# मानसिक कमजोर युवक लापता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैशाली नगर से झुंझुनूं निवासी 32 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर युवक अतुल शर्मा रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। जानकारी के अनुसार अतुल शर्मा पुत्र उमेश शर्मा मूल रूप से झुंझुनूं के फौज का मौहल्ले का रहने वाला है। गत 22 मई को वह अपनी बहन प्रियंका शर्मा के पास वैशाली नगर में रहने आया था। बहन प्रियंका ने बताया कि उसका भाई गत 25 मई को सुबह लगभग 7 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। इसके बाद परिजनों ने आसपास और अपने रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया।



लापता अतुल की उम्र 32 वर्ष है और शरीर से दुबला-पतला व रंग साफ है। उसकी लंबाई लगभग 5 फीट 8 इंच है। लापता होने के समय उसने क्रीम कलर की पैंट, ब्लू कलर की लाइनदार शर्ट और काले रंग की सैंडिल पहन रखी थी। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

### घूंघट में घूम रही थीं आरोपी महिलाएं, पांच मिनट में दो वारदातों को दिया अंजाम

# सत्संग में डांस करते हुए दो महिलाओं की तोड़ी गोल्ड चेन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में सत्संग के दौरान डांस करते हुए महिला चोरों ने सोने की दो चेन लूट ली। महज 5 मिनट में दो महिलाओं के गले से चेन तोड़ ली गई। करीब 4 लाख रुपए की सोने की दो चेन टूटने पर महिलाओं ने शोर करना शुरू कर दिया। घटना आदर्श नगर स्थित खंडेलवाल सेवा सदन की है। यहां आरती के दौरान यह वारदात हुई। महिलाओं के परिजनों ने आदर्श नगर थाना पुलिस में चेन लूटने की शिकायत दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग चेक की तो दो महिलाओं को वारदात करते हुए चिह्नित किया गया, जो सिर पर पल्लू (घूंघट) डाल कर वारदात करने में लगी हुई थीं, ताकि उनका चेहरा मौके पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद न हो सके, लेकिन एक जगह पर महिला वारदात करती हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस दोनों आरोपी महिलाओं की तलाश कर रही है।



### तीन तोले का मंगलसूत्र और 2 तोले की चेन पार

शिल्प कॉलोनी झोटवाड़ा निवासी कैलाश कुमार कुमावत ने रिपोर्ट दी की उसकी पत्नी के गले से 3 तोले का मंगलसूत्र अज्ञात महिला ने चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत लेकर एफआईआर दर्ज की। वहीं, जनता कॉलोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा की मां के गले से 2 तोला सोने की चेन अज्ञात महिला ने लूट ली। दोनों ही घटनाओं की जांच हैड कांस्टेबल सतपाल कर रहे हैं। सतपाल ने बताया कि मौके पर मिले सीसीटीवी फुटेज में जो महिला दिखाई दे रही हैं, उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला कहां से आई और किधर गई। इस पर काम किया जा रहा है। जल्द महिला को डिटेन कर लिया जाएगा।

### लड़की के नाराज रिश्तेदारों ने लड़के के परिवार को जान से मारने की दी धमकी

# लव मैरिज की तो पति को बंधक बनाकर पत्नी को किया किडनैप

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में पति को बंधक बनाकर पत्नी का किडनैप करने का मामला सामने आया है। लव-मैरिज से नाराज लड़की के रिश्तेदारों ने वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने धमकाया कि बेटी को नहीं छोड़ा तो परिवार को जान से मार देंगे। इस पर पीड़ित पति ने मालपुरा गेट थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर वाटिका निवासी 25 साल के युवक ने 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

शकायत में बताया कि सीमा (बदला हुआ नाम) और वह एक-दूसरे से प्रेम करते है। दोनों ने अप्रेल में लालकोठी स्थित आर्य समाज में शादी की ली थी। शादी के बारे में पता चलने पर सीमा के रिश्तेदार वाटिका स्टैंड पर आ गए और गाली-गलौच कर उनके साथ मारपीट पर उतारु हो गए। जैसे-तैसे बचकर भागकर उनसे अपनी जान बचाई। जयपुर से बचकर दोनों घूमने के लिए उत्तर प्रदेश चले गए।



### चलती गाड़ी में पूरे रास्ते मारपीट करने का आरोप

उत्तर प्रदेश की सिंदोली थाना पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस स्टेशन लाने के बारे में पूछने पर जयपुर पुलिस के पहुंचने के बारे में बताया। जयपुर की सांगानेर सदर थाना पुलिस के साथ सीमा के रिश्तेदार भी उत्तर प्रदेश के सिंदोली थाने पहुंचे। दोनों को अलग-अलग गाड़ी में बैठाकर जयपुर के लिए रवाना हो गए। आरोप है कि चलती गाड़ी में पूरे रास्ते उससे मारपीट की। उन्होंने धमकाया कि तूने हमारी बेटी सीमा को नहीं छोड़ा तो हम तुझे और तेरे परिवारवालों को झूठे केस में फंसवा देंगे। साथ ही मौका मिलते ही तुझे व तेरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे।

### पुलिस स्टेशन से निकलते ही रिश्तेदारों ने दोनों को पकड़ा

पीड़ित ने बताया जयपुर पहुंचने पर उसे एक मकान पर ले गए। सीमा के रिश्तेदारों ने उसके हाथ-पैर बांधकर मुंह पर टेप चिपका दी। बंधक बनाकर मारपीट कर उसे धमकाया गया। इसके बाद सांगानेर सदर थाने लेकर पहुंचे। पुलिस के डॉक्युमेंट मांगने पर दिखाए। डॉक्युमेंट देखने और साथ रहने की हामी भरने पर पुलिस ने दोनों को वहां से भेज दिया। पुलिस स्टेशन से बाहर निकलने पर सीमा के रिश्तेदारों ने पकड़ लिया। उसे धमकाते हुए पत्नी सीमा को जबरन किडनैप कर अपने साथ ले गए। अब जबरन पत्नी को बंधक बनाकर रखने के साथ लगातार धमकी दे रहे है। मालपुरा गेट थाने में कोर्ट के आदेश से करवाकर पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया।

# सप्लाई करने जा रहे 4 लाख के नकली नोटों के साथ एक पकड़ा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के अमरसर थाना इलाके में एक युवक को 4 लाख के नकली नोट के साथ डिटेन किया गया है, जो नकली नोट जयपुर में सप्लाई करने वाला था।

एसओजी की सूचना पर जयपुर ग्रामीण पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा। अमरसर थाना इलाके में आरोपी युवक को डिटेन किया गया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 4 लाख रुपए के नकली नोट मिले। आरोपी का मोबाइल फोन भी पुलिस टीम ने सीज कर दिया है। आरोपी कहां से नकली नोट लेकर जयपुर में किसे डिलीवर करने वाला था, इसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि हमारी टीम को टिप मिली थी कि नकली नोटों की एक बड़ी खेप जयपुर में डिलीवरी होने के लिए आ रही हैं।

इस पर टीम ने नकली नोट देने वाले की जानकारी जुटाई और जयपुर ग्रामीण एसपी के सहयोग से आरोपी को डिटन कर उसे से नकली नोट रिकवर किए। आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद नोटों के सम्बंध में जानकारी निकलेगी।

# तस्कर बाप-बेटों ने पुलिस पर की थी 50 राउंड फायरिंग

### 15 साल से गोतस्करी में एक्टिव, मुठभेड़ में मारे गए बेटे को 4 साल पहले किया था शामिल

महानगर संवाददाता

**भरतपुर।** पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ हार्डकोर तस्कर हासिम उर्फ काड़ा पिछले 15 सालों से एक्टिव था। उसने 4 साल पहले ही उसने अपने बेटे आशिक को तस्करी में शामिल किया था। इसके बाद पहाड़ी से हरियाणा की तरफ गौवंश ले जाने के दौरान पुलिस मुठभेड़ में उसके बेटे की मौत हो गई। मौके से एफएसएल टीम ने सबूत जुटाए हैं। आधे घंटे में तस्कर बाप-बेटों और उनके 2 साथियों ने 50 राउंड फायरिंग की थी। मुठभेड़ में हार्डकोर तस्कर हासिम उर्फ काड़ा के दोनों पैरों में गोली लगी थी, जबकि उसके बेटे के सीने में गोली लगने से मौत हो गई थी। गौवंश ले जा रही टाटा की पिकअप और बाइक सवार बेटा सद्दाम व बाप कासिम फरार हो गए थे। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। पहाड़ी थाना इलाके के एसएचओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि एफएसएल टीम को मौके से करीब 50 गोलियों के खोल मिले हैं। वहीं मौके से बुलेट्स बेल्ट भी मिली है। इसी से तस्कर पुलिस पर फायर कर रहे थे। बेटे का पोस्टमॉर्टम हुआ, बाप आईसीयू में भर्ती

तस्कर काड़ा के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने सूचना जारी कर उस पर रखा 45 हजार का इनाम निरस्त कर दिया गया है। काड़ा के बेटे आशिक का गुरुवार को पोस्टमॉर्टम किया गया। काड़ा अभी आरबीएम अस्पताल के आईसीयू वार्ड में एडमिट है। उसके पैर में गोली लगी थी। वहीं आशिक का शव पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पहाड़ी एसएचओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें बुधवार दोपहर गो तस्करी की सूचना मिली थी, इसमें इनपुट था कि कुछ तस्कर पिकअप में गोवंश भरकर रावलका मोड़ की तरफ जा रहे हैं। सूचना पर पहुंचे तो पिकअप और 2 बाइकों पर सवार 4 तस्कर आते दिखे। ये गोवंश से भरी पिकअप को एस्कॉर्ट कर रहे थे।



### दोनों बाप-बेटों के खिलाफ कई थानों 15 आपराधिक मामले दर्ज

तस्करों ने पुलिस जीप को देख फायरिंग कर दी। जाब्ते के पास बुलेटप्रूफ जैकेट थी। ऐसे में जवाबी फायरिंग के दौरान तस्कर काड़ा उसके बेटे आशिक को गोली लगी। आशिक के सीने में गोली लगी, जबकि काड़ा के दोनों पैरों में गोलियां आर-पार हो गई। वहीं दूसरी बाइक सवार सद्दाम व कासिम फरार हो गए। डीग एसपी राजेश मीणा ने बताया कि हासिम पर 45 हजार का इनाम घोषित है। पहाड़ी थाने व डीग जिले के अन्य थानों समेत दूसरे जिलों में भी करीब 15 मामले दर्ज हैं। पुलिस पर पहले भी फायरिंग कर चुका है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों से 2 कट्टे और कारतूसों की बेल्ट बरामद की है।

**पिकअप को 2 बाइकों पर बाप-बेटे कर रहे थे एस्कॉर्ट:** पहाड़ी एसएचओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें बुधवार दोपहर गो तस्करी की सूचना मिली थी। इसमें इनपुट था कि कुछ तस्कर पिकअप में गोवंश भरकर रावलका मोड़ की तरफ जा रहे हैं। सूचना पर पहुंचे तो पिकअप और 2 बाइकों पर सवार 4 तस्कर आते दिखे। ये गोवंश से भरी पिकअप को एस्कॉर्ट कर रहे थे। तस्करों ने पुलिस जीप को देख फायरिंग कर दी। जाब्ते के पास बुलेटप्रूफ जैकेट थी, ऐसे में जवाबी फायरिंग के दौरान तस्कर काड़ा उसके बेटे आशिक को गोली लगी। आशिक के सीने में गोली लगी है, जबकि काड़ा के दोनों पैरों में गोलियां आरपार हो गई है।

# चाचा की हत्या के मामले में भतीजे सहित चार आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** जमीनी विवाद में की गई मारपीट में भतीजे के हाथों चाचा की हत्या से जुड़े मामले में पाटन थाना पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए भतीजे सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पाटन थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि परिवादी मुकेश कुमार पुत्र मालाराम निवासी ढाणी कुड़ी तन राजपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि खेत में जुताई के विवाद को लेकर भतीजे अजय, सचिन, सुभाष व कमलेश देवी ने एक राय होकर लाठियों व कुल्हाड़ी से वार कर उनके साथ मारपीट की, जिसमें उसके व भाई अशोक कुमार व पत्नी ज्योति के शरीर पर गंभीर चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 12 घंटे में ही मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी भतीजे सचिन कुमार, अजय यादव, कमलेश देवी व मनीषा यादव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से घटना में काम में लिया गया हथियार भी बरामद किया गया है। फिलहाल मामले को लेकर गहन अनुसंधान जारी है।

### पुलिस ने 20 आरोपी पकड़े

**नीमकाथाना (मसं)।** क्षेत्र थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में करीब 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं सदर पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए करीब नौ लोगों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा व सहायक पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

### दो महीने में सामने आए 1500 केस, कॉल कर डायल करवाते हैं विशेष नंबर

# अब कूरियर डिलीवरी के नाम पर ढूंढ़ा ठगी का नया तरीका

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में साइबर अपराधी फेमस कूरियर कंपनियों के नाम से झांसा देकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। पिछले 2 महीने में प्रदेशभर के साइबर क्राइम थानों में इस तरह की ठगी के 1500 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं।

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने जनता को डिलीवरी और कूरियर सेवा के नाम पर हो रही नई तरह की साइबर ठगी के प्रति अलर्ट किया है। साइबर क्राइम ब्रांच में एसपी शांतनु कुमार के अनुसार अपराधी उपभोक्ताओं को कॉल कर कहते हैं कि आपके नाम एक पार्सल आया है। उसकी डिलीवरी से पहले उन्हें एक विशेष नंबर डायल करना होगा। यह नंबर अक्सर हेस या स्टार से शुरू होता है। जैसे ही व्यक्ति यह नंबर डायल करता है, उसका मोबाइल कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिव हो जाता है। उसकी सभी कॉल्स सीधे साइबर ठगों के पास चली जाती हैं।

कई मामलों में ठग फर्जी यूपीआई लिंक भेजकर भी पीड़ितों के खाते से पैसे उड़ा लेते हैं। एक एडवाइजरी जारी कर लोगों को कूरियर आने के संबंध में फोन आने पर पहले पूरी जानकारी लेने को कहा है। यदि ठगी की कोई घटना हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। ठगी से बचने के लिए आमजन को सलाह डिलीवरी के नाम पर आने वाली कॉल पर सतर्क रहें।



यदि कोई अज्ञात नंबर डायल करने को कहे तो उसे कभी न डायल करें। डिलीवरी मैन के आगमन पर सत्यापन करें कि वह किस कंपनी से है। क्या वहीं कूरियर आप्ने मंगवाया था। मोबाइल में आए ओटीपी मांगे तो तभी शेयर करें, जब आपका मंगवाया कूरियर हो।

# सचिवालय के कमरे में लगी आग फर्नीचर और फाइलें जलकर राख

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सचिवालय के डीआईपीआर डिपार्टमेंट में गुरुवार अलसुबह एक कमरे में आग लगने से हड़कंप मच गया। कमरे से धुआं निकलने पर फायर फाइटिंग अलार्म बजा।

इसके बाद सचिवालय सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और आग कों कंट्रोल करना शुरू किया। कार्यालय में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम के सुरक्षाकर्मियों ने आग को कंट्रोल किया। हालांकि आग सामान्य थी, इसलिए किसी भी फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना नहीं दी गई। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि आग गुरुवार सुबह करीब 5 से साढ़े 5 बजे से बीच में लगी। एकाएक फायर अलार्म बजा, जिससे ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे। आग को कंट्रोल करने का प्रयास शुरू किया। आग जिस रूम में लगी उस रूम का काफी फर्नीचर और फाइलें आग की चपेट में आ गई। समय रहते सुरक्षाकर्मियों ने आग को कंट्रोल किया। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किल से आग लगी है, जिसकी जांच की जा रही हैं।

### कृषि विश्वविद्यालय कोटा का अष्टम दीक्षांत समारोह आयोजित, राज्यपाल ने किया संबोधित

# डिग्री सिर्फ प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के संघर्ष का सम्मान : बागडे

महानगर संवाददाता

**कोटा।** कृषि विश्वविद्यालय कोटा का अष्टम् दीक्षांत समारोह गुरुवार को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान कोटा सभागार में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति, कृषि विश्वविद्यालय कोटा हरिभाऊ बागडे ने की। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के पूर्व कुलगुरु डॉ. जे.पी. शर्मा दीक्षांत अतिथि रहे।

समारोह में राज्यपाल बागडे ने कहा कि डिग्री सिर्फ एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के संघर्ष, धैर्य और निरंतर प्रयासों का सम्मान है। आपने जो डिग्री प्राप्त की है, उसका उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास में करें। पदक प्राप्त करने वालों में बेटियां शामिल हैं। बेटियां आगे बढ़ेंगी तभी समाज समुचित रूप में उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। मुझे खुशी है कि राजस्थान में बेटियां उच्च शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।




### 'जैविक खेती से अधिक उत्पादन पर हो मंथन'

राज्यपाल ने कहा कि जैविक खेती से अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, इसके लिए हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को ध्यान देने की जरूरत है तथा कृषि वैज्ञानिकों को चिंतन एवं मनन करने की आवश्यता है। क्योंकि इस तरह कृषि करने के लिए किसी भी रासायनिक कीटनाशक का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। कृषि के अंतर्गत हमें इस समय एक 'स्वास्थ्य सिद्धांत' की आवश्यकता है। इसी क्रम में 'एग्री-फूड सिस्टम' पर काम करने की आवश्यकता है।

### 'जैविक खेती में रसायनों का प्रयोग खतरनाक'

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु डॉ. जे.पी. शर्मा ने कहा कि संस्था के समग्र विकास के लिए कर्मचारियों की दक्षता व क्षमता निर्माण के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण देना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि खेती में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणाम सभी जानते हैं। इनसे बचने के लिए आने वाले समय में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम करके समेकित फसल प्रबंधन, जैविक खेती तथा समेकित कृषि प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता है।

### दाल की नई किस्मों का अनावरण

समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित चना, मसूर एवं अलसी की पांच नई किस्मों (कोटा देसी चना-4, कोटा देसी चना-5, कोटा देसी चना-6, कोटा मसूर-5 एवं कोटा बारानी अलसी-7) का लोकार्पण किया गया। इसी के साथ पांच इकाइयों का भी लोकार्पण किया गया जिसमें विश्वविद्यालय परिसर में मॉल, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में एक पुस्तकालय भवन, कृषि अनुसंधान केंद्र, कोटा पर बीज भंडारण गोदाम तथा साथ ही कृषि महाविद्यालय, कोटा की मुख्य सड़क एवं प्रवेश द्वार का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय कुलसचिव मनीषा तिवारी ने आभार जताया।

### 343 अभ्यर्थियों को दी गईं उपाधियां

विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अभय कुमार व्यास ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बताया कि कृषि विश्वविद्यालय कोटा अपने तीनों अनिवार्य क्षेत्रों, शिक्षण, अनुसंधान तथा प्रसार शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि समारोह में अकादमिक वर्ष 2023-24 की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावाचस्पति परीक्षाओं में उत्तीर्ण 343 अभ्यर्थियों को उपाधियां दी गईं। इनमें से 287 कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी स्नातक, 44 कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी स्नातकोत्तर तथा 12 कृषि एवं उद्यानिकी विद्यावाचस्पति के अभ्यर्थी शामिल हैं। समारोह में 14 अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें 9 स्वर्ण पदक छात्राओं तथा 5 छात्रों ने प्राप्त किए।

### 23 वर्षीय महिला खिलाड़ी की हुई जटिल सर्जरी

## आरयूएचएस अस्पताल में अब स्पोर्ट्स इंजरी और लिगामेंट सर्जरी की सुविधाएं शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरयूएचएस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में खिलाड़ियों को लगने वाली चोटों, लिगामेंट एवं कार्टिलेज की सर्जरी भी अब अस्पताल में प्रारंभ कर दी गई है। ऑर्थोस्कोपिक लिगामेंट सर्जरी शुरू होने से अब अस्थि रोगियों एवं स्पोर्ट्स इंजरी से पीड़ित लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा।

चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीष कुमार ने बताया कि 2 जून को ही आरयूएचएस अस्पताल में एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा प्रारंभ की गई थी। इसके बाद प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा शुरू की गई। गुरुवार को आरयूएचएस अस्पताल में ऑर्थोस्कोपिक लिगामेंट सर्जरी की सुविधा भी प्रारंभ कर दी गई। एक 23 वर्षीय रोगी की अस्पताल में पहली सर्जरी की गई। आरयूएचएस अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने बताया कि चाकसू निवासी 23 वर्ष की एक महिला खिलाड़ी को खेल के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। इसके कारण उसे चलने-फिरने में तकलीफ होती थी एवं बार-बार सूजन आती थी। साथ ही जोड़ के अटकने से दैनिक कार्यों में भी असुविधा हो रही थी। इस प्रकार की चोट आगे चलकर गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। अस्थि रोग विभाग के डॉ. सिद्धार्थ शर्मा एवं उनकी टीम ने इस खिलाड़ी की सफल सर्जरी की। डॉ. मंगल ने बताया कि यह जटिल सर्जरी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क की गई। निजी अस्पतालों में इस सर्जरी पर काफी खर्च आता है।

# वैश्विक समाधानों का केंद्र बनेगी मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर : धर्मेंद्र प्रधान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) को 'विकसित भारत का आदर्श शैक्षणिक संस्थान' घोषित किया। वे विश्वविद्यालय के नवनिर्मित लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करने जयपुर आए थे। इस मौके पर उन्होंने राजस्थान की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि देश की एकता और संप्रभुता की प्रतीक रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगतिशील पहलों की भी सराहना की।

प्रधान ने कहा कि एमयूजे को केवल अकादमिक और शोध संस्थान ही नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान का केंद्र बनना चाहिए। यहां से जॉब सीकर्स नहीं, जॉब क्रिएटर्स तैयार होने चाहिए। शैक्षणिक प्रयासों को समाज की जरूरतों से जोड़ा जाना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में सिंदूर का पौधा रोपकर विकास और पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया।



समारोह में जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने राजस्थान में शिक्षा और सामाजिक विकास में एमयूजे के योगदान की सराहना की। विधायक डॉ. कैलाश चंद वर्मा ने बगरू क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक उन्नति में विश्वविद्यालय की भूमिका को रेखांकित किया।

समारोह में मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रंजन पई, सलाहकार अभय जैन, एमयूजे के प्रेसिडेंट डॉ. नीति निपुण शर्मा, प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. करुणाकर ए कोटेगर और रजिस्ट्रार डॉ. अमित सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में डॉ. करुणाकर ए कोटेगर ने मणिपाल समूह की शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी यात्रा को रेखांकित किया। इसके बाद डॉ. एनएन शर्मा ने विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित सोनी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तथा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग 2024-25, तीसरे चरण की मैरिट सूची जारी

## चयनित अभ्यर्थियों को कोचिंग संस्थाओं में 25 जून तक देनी होगी उपस्थिति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों की तीसरे चरण की मेरिट सूची जारी कर दी है। चयनित अभ्यर्थियों को 25 जून तक कोचिंग संस्थानों में उपस्थिति देनी होगी।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनांतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण की मेरिट सूची में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा समय पर उपस्थिति नहीं देने के कारण रिक्त रह गई। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों के आवेदन अनुमोदित थे, लेकिन अभी तक कोई कोचिंग संस्थान आवंटित नहीं हुआ।

उनको सम्मिलित करते हुए सत्र 2024-25 के लिए तृतीय चरण की मेरिट सूची जारी की गई है। अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनांतर्गत सत्र 2024-25 के लिए जारी तृतीय चरण की मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट www.sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत सत्र 2024-25 के लिए जारी तृतीय चरण की मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी की एसएसओ आईडी पर प्रदर्शित कोचिंग संस्थान अपनी सुविधानुसार 25 जून तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। गौरतलब है कि विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह अवसर दिया जा रहा है।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25